# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



**दो माह के शिशु को शहीद पिता का चेहरा दिखाया तो रो पड़ा पूरा गांव...**

*बीजापुर में सोमवार को हुए नक्सली धमाके में जिन आठ जवानों की शहादत हुई, उनमें से एक शहीद सुदर्शन भी थे। मंगलवार को जब उनकी शवयात्रा घर से निकली तो बिलखती मां और रिश्तेदार महिलाओं ने विनती की कि शहीद के दो माह से शिशु को उसके पिता का चेहरा दिखाया जाए। शिशु को जैसे ही शहीद पिता के शव के पास लाया गया, पूरा गांव रो पड़ा। यह नजारा ऐसा था कि सीएम विष्णुदेव साय का गला भी रूंध गया। उन्होंने भावविह्वल होकर और साथ-साथ गुस्से वाली एक पोस्ट की, जिसमें कहा- इस नजारे ने मुझे झकझोर दिया है।*

**शहीद जवानों के परिजनों के रुदन से गमगीन हुआ कारली पुलिस मैदान**



**मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि, भावुक हुए सीएम साय**

दंतेवाड़ा। शहर के कारली पुलिस लाइन में सोमवार को बीजापुर जिले के कुटरू-बेदरे मार्ग पर ग्राम अंबेली में आईडी ब्लास्ट में शहीद जवानों को अंतिम सलामी दी गई। नक्सली हमले में शहीद हुए जवानों ▶▶ शेष पेज 4 पर

# तीन साल पहले लगाया था बम, संडे को जोड़ा तार और फिर कर दिया ब्लास्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

बीजापुर जिले के अम्बेली गांव के करीब नक्सलियों ने 3 साल पहले आईईडी प्लांट किया था। घटना को अंजाम देने के लिए नक्सलियों ने पहली बार काफी करीब से वाहन को उड़ाने की प्लानिंग कर रखी थी। रविवार की रात नक्सलियों ने तार जोड़ा और सोमवार दोपहर जवानों के काफिले में शामिल आठवीं वाहन को निशाना बनाते हुए ▶▶ शेष पेज 4 पर



### सीआरपीएफ के डीजी भी पहुंचे

बीजापुर के अंबेली में हुए आईईडी ब्लास्ट के बाद मंगलवार को सीआरपीएफ डीजी वितुल कुमार और डीजीपी अशोक जुनेजा अधिकारियों के साथ घटनास्थल पहुंचे। मौके पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मोबाइल कनेक्टिविटी नहीं होने से चुना अम्बेली को

बीजापुर जिले का अम्बेली गांव जहां पर नेटवर्क की सुविधा नहीं है। ऐसे में नक्सलियों ने इसी गांव को चुना जिससे अगर इस विस्फोट से कोई बच गया तो मुठभेड़ के दौरान किसी भी तरह से जवान अपने लिए बल या फिर बेकअप पार्टी बुला ना सके। नक्सलियों ने तीन वर्ष पूर्व प्लांट किये आईडी को सही समय में उपयोग ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मां की इच्छा रह गई अधूरी



गीदम। शहीद आरक्षक सुबरनाथ यादव का शव लेने दंतेवाड़ा जिले की पुलिस लाइन कारली पहुंची। माता सुदरी बाई की आंखें अपने लाल को देखने तरस गई थी। सलामी के बाद शव गृह ग्राम छोटे तुमनार के लिए ससम्मान रवाना किया गया। शव लेने माता सुदरी, बड़ी बहन सुनीता, छोटी बहन सुबरती आईं थी। परिजनों ने बताया कि मृतक 3 बहनों का इकलौता भाई था। अविवाहित बेटे की शादी करवाने की मां की तमन्ना अधूरी रह गई। वर्ष 2022 में बस्तर फाइटर में चयन के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बेटे का जन्मदिन मनाने का सपना नहीं हुआ पूरा



दंतेवाड़ा। नक्सली ब्लास्ट में शहीद हुए जवान सोमडु वेट्टी के गांव कटेकल्याण थाना के परचेली के बंड़ीपारा में आज मातम पसरा था। वह समर्पण कर पुलिस जवान बना था। गांव के लोगों ने बताया पत्नी के साथ पुलिस लाइन में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### शहीद जवान का शव पहुंचते ही पूरा गांव उमड़ पड़ा

जगदलपुर/दंतेवाड़ा। बीजापुर और दंतेवाड़ा जिले के लिए 7 जनवरी का दिन काफी हृदय विदारक रहा। पिछले कई महीनों से नक्सल मोर्चे पर लगातार पुलिस और फोर्स को सफलता मिल रही थी। दक्षिण बस्तर के तीनों जिलों में और अबूझमाड़ के घनघोर जंगल में हजारों की संख्या में पहुंचे जवानों को नक्सलियों को मारने का सफल आपरेशन पूरा हो रहा था। नए साल के पहले ही सप्ताह में माड़ में 4 नक्सलियों को मार गिराने के बाद वापस लौट रही टीम को फिर एक चूक का बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। इस नक्सली हमले में बीजापुर जिले के 2 और दंतेवाड़ा जिले के 6 जवान शहीद हो गए। मंगलवार को शहीद जवान को लेकर वाहन जब गांव पहुंचा तो ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। रोते बिलखते लोग गांव के इस लाल को खोने का दुख मनाते दिखाई पड़े। बीजापुर जिले के बड़े तुंगाली, ▶▶ शेष पेज 4 पर




**छत्तीसगढ़ के 14 नगर निगम, 54 नगर पालिका और 124 नगर पंचायतों में हुआ आरक्षण**

# 14 नगर निगमों में पांच महिलाओं के लिए आरक्षित, कई दिग्गज दौड़ से बाहर

*छत्तीसगढ़ के 14 नगर निगमों से पांच पर महिलाओं का कब्जा होगा। रायपुर समेत पांच निगमों में मेयर पद इनके लिए आरक्षित हुआ है। मंगलवार को दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में निकाय चुनाव के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी हुई। आरक्षण प्रकिया के बाद अब कभी भी प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव का ऐलान हो सकता है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से साल 2024-25 में प्रदेश में होने वाले नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के लिए महापौर तथा अध्यक्ष के पद का आरक्षण किया गया। नगर पालिक निगमों के महापौर तथा नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के लिए सिलसिलेवार आरक्षण हुआ। गौरतलब है, राज्य में 14 नगर निगम हैं। इनमें से दस में चुनाव होना है। इसी तरह 54 नगर पालिकाएं और 124 नगर पंचायतें हैं। मंगलवार को इन सभी के लिए आरक्षण तय हो गया और अब कभी भी चुनाव का ऐलान किया जा सकता है। चक्रानुसार आरक्षण में रायपुर नगर निगम महिला सामान्य के लिए आरक्षित हुआ हे। यहां से कई दिग्गजों की दावेदार अब खत्म हो गई। इसी तरह बीरगांव, दुर्ग, कोरबा और रिसाली नगर निगम में इस बार महिलाएं मेयर बनेंगी। पुरुषों के मंसूबे फेल हो गए।

### निगमों में ऐसा आरक्षण

- रायपुर- सामान्य महिला
- बीरगांव- सामान्य महिला
- दुर्ग- ओबीसी महिला
- भिलाई- ओबीसी
- भिलाई चरौदा- ओबीसी
- बिलासपुर- ओबीसी
- कोरबा- सामान्य महिला
- धमतरी- सामान्य
- रायगढ़- एससी
- अम्बिकापुर- एसटी
- रिसाली- एससी महिला
- चिरमिरी- सामान्य
- जगदलपुर-सामान्य
- राजनांदगांव- सामान्य

**रायपुर निगम महिला के लिए आरक्षित होते ही झूम उठीं महिलाएं**



### महिला दावेदारों में खुशी

नगर निगम रायपुर में महापौर का पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित होने से महिलाओं में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा से प्रारंभिक तौर पर नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, ममता सुभाष अग्रवाल, पार्षद सीमा साहू, विश्वदिनी पांडेय का नाम प्रमुखता से सामने आया है। वहीं कांग्रेस से डॉ. किरणमयी नायक, कविता ग्वालानी, वंदना राजपूत का नाम फिलहाल सामने आया है। आने वाले समय में दावेदारों की ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 18 महिलाओं के लिए रिजर्व

54 नगर पालिका में 18 सीट महिलाओं के लिए रिजर्व की गई हैं। इनमें 3 एससी, 2 एसटी, 4 ओबीसी और 9 सीट सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए रिजर्व हैं।

### 124 नगर पंचायतों में 41 महिला

वहीं 124 नगर पंचायतों में आरक्षण की प्रक्रिया को भी पूरा कर लिया गया है। इनमें से 16 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। 16 में से 5 सीटें महिलाओं के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पुरुष दावेदारों के मंसूबों पर फिरा पानी

राजधानी रायपुर में महापौर के आरक्षण के बाद कई पुरुष दावेदारों को निराशा हाथ लगी है। यहां से वर्तमान महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, ज्ञानेश शर्मा सहित कांग्रेस से कई दावेदार थे। वहीं भाजपा से संजय श्रीवास्तव, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, ▶▶ शेष पेज 4 पर

## आरंग, सिमगा सामान्य और अभनपुर, मंदिर हसौद पालिका अध्यक्ष एससी के लिए आरक्षित

124 नगर पंचायतों में आरक्षण की प्रक्रिया को भी पूरा कर लिया गया है। इनमें से 16 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। 16 में से 5 सीटें महिलाओं के लिए रिजर्व हुई हैं। 20 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए हैं। 20 में से 7 जगहों पर महिला चुनाव लड़ेंगी। ओबीसी के लिए 26 सीटें आरक्षित हैं, जिनमें से 9 सीटों को महिलाओं के लिए रिजर्व किया गया है। 62 सीट सामान्य के लिए हैं इसमें से 20 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं।

### 54 नगर पालिकाओं में अध्यक्षों का आरक्षण

अनुसूचित जाति के लिए अभनपुर, मंदिर हसौद, बागबाहरा, सारंगढ़, डोंगरगढ़, जांजगीर-नैला (महिला), अकलतरा (महिला) और पंडरिया (महिला) के लिए रिजर्व की गई है। अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व की गई सीटों में महिलाओं के लिए तीन सीटें रिजर्व हैं।

### अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित

नगर पालिका के आरक्षण में अनुसूचित जनजाति के लिए 6 सीटें रिजर्व की गई हैं। इनमें से दो सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। नारायणपुर, जशपुरनगर, बलरामपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा (महिला) और बीजापुर (महिला) के लिए आरक्षित है।

### ओबीसी वर्ग के लिए यह सीटें आरक्षित

पुरुष-दल्लीराजहरा, तिल्दा-नेवरा, बड़े-बचेली, लोरमी, कटघोरा, बेमेतरा, कोंडागांव, कवर्धा, अहिवारा। महिला- मनेन्द्रगढ़, गोबरा-नवापारा, सूरजपुर और कुम्हारी।

### सामान्य के लिए आरक्षित सीटें

महिला- शिवपुरचरचा, तखतपुर, किरंदुल, जामुल, खैरागढ़, बोदरी, बालोद, सरायपाली और बांकी मोंगरा। पुरुष- सक्ती, खरसिया, कांकेर, चांपा, रतनपुर, भाटापारा, बालौदाबाजार, मुंगेली, गरियाबंद, आरंग, महासमुंद, गौरेला, पेण्ड्रा, दीपका, सिमगा, अमलेश्वर, बैकुण्ठपुर और रामानुजगंज।

## खबर संक्षेप

### सलमान के आवास पर बुलेटप्रूफ ग्लास



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बालकनी में 'बुलेटप्रूफ ग्लास' लगाया गया है और सड़क पर नजर रखने के लिए उच्च प्रौद्योगिकी वाली सीसीटीवी कैमरा प्रणाली भी लगाई गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुलेटप्रूफ ग्लास लगाए जाने से अभिनेता की उस वक्त सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

### 9-ए कोटला रोड होगा एआईसीसी का नया पता



नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी के 139 वर्ष लंबी ऐतिहासिक विरासत को एक नया ठिकाना मिलने जा रहा है। अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय का नया पता होगा 9ए, कोटला रोड। पार्टी मुख्यालय का नाम होगा इंदिरा गांधी भवन। कांग्रेस संसदीय दल की नेता और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पार्टी की नई स्टेट ऑफ आर्ट, अति आधुनिक बिल्डिंग का लोकार्पण 15 तारीख को करेंगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आसाराम को 31 मार्च तक अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 2013 के बलात्कार मामले में जेल में बंद आसाराम को चिकित्सा आधार पर 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दे दी। पीठ ने आसाराम को रिहाई के बाद अपने अनुयायियों से नहीं मिलने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि 86 वर्षीय आसाराम हृदय रोग के अलावा उम्र संबंधी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित है।

**1000 घर जमींदोज**

# धरती डोली, तिब्बत में 126 की मौत बिहार-असम-बंगाल में भी झटके



**3 घंटे दहशत के पल | 50 बार कांपी धरती**

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

तिब्बत के सबसे पवित्र शहरों में से एक शिगात्से के निकट मंगलवार को 6.8 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें कम से कम 126 लोगों की मौत हो गई और 188 अन्य घायल हो गए। पड़ोसी देश नेपाल में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसके कारण इमारतें हिलने लगीं और लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए। भारत में पूर्वोत्तर राज्यों के अलावा पश्चिम बंगाल और बिहार में कई जगहों पर भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। ▶▶ शेष पेज 4 पर

**यह रहा केंद्र**

- चीन के भूकंप नेटवर्क केंद्र के हवाले से खबर दी कि भूकंप का केंद्र उत्तर-पूर्व नेपाल के खुम्बू हिमालय पर्वतमाला में लोबुत्से के 90 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में है। भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया।

**काठमांडु में भी तगड़ा झटका**

इस बीच, नेपाल के काठमांडु में शक्तिशाली भूकंप के कारण लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का असर काभ्रेपलान्चोक, सिंधुपालचोक, धाडिंग और सोलुखुंबु जिलों में भी महसूस किया गया।

**करीब 5 सेकंड तक हिली धरती**

बिहार में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.1 मापी गई। समस्तीपुर, मोतिहारी में समेत कई इलाकों में सुबह 6 बजकर 40 मिनट पर धरती कांपने लगी। जानकारी के मुताबिक करीब 5 सेकंड तक धरती हिलती रही।

**महाकुंभ-2025 : आस्था के संगम में पहली बार श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुरक्षा**

# एआई कैमरे और ड्रोन, भक्तों के लिए हाईटेक सुरक्षा!

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज में जनवरी 13 से शुरू होने वाला महाकुंभ 2025 न सिर्फ आस्था और आध्यात्म का संगम होगा, बल्कि हाई-टेक सुविधाओं और तकनीक का प्रदर्शन भी करेगा। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन में इस बार 40 करोड़ से अधिक भक्तों के आने की संभावना है। 12 साल बाद आयोजित होने वाला यह महोत्सव 26 फरवरी को समाप्त होगा। महाकुंभ 2025 में एआई, ड्रोन, वाटर एंबुलेंस और वर्चुअल रियलिटी जैसे हाई-टेक इंतजाम भक्तों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। एआई संचालित कैमरों ▶▶ शेष पेज 4 पर



### पानी के नीचे निगरानी के लिए अंडरवाटर ड्रोन

त्रिवेणी संगम पर करोड़ों भक्त डुबकी लगाएंगे। ऐसे में पानी के भीतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अंडरवाटर ड्रोन तैनात किए जा रहे हैं। ये ड्रोन 100 मीटर गहराई तक जाकर पानी के नीचे की गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

### वाटर एंबुलेंस

सभी महाकुंभ या कुंभ मेले नदी के किनारे आयोजित किए जाते हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने आगामी आयोजन के लिए गांधीनगर से एक वाटर एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाई। यह एंबुलेंस नदी किनारे आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगी, जिससे भक्तों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### सहायता के लिए एआई चैटबॉट

*महाकुंभ 2025 से जुड़ी जानकारी तक आसान पहुंच के लिए यूपी सरकार ने एप लॉन्च किया है। यह चैटबॉट 11 भाषाओं में काम करता है। महाकुंभ से जुड़ी सभी जानकारी प्रदान करेगा।*

### वर्चुअल रियलिटी का अनुभव

*महाकुंभ के आयोजक वर्चुअल रियलिटी स्टॉल्स भी लगा रहे हैं, जहां भक्त 360-डिग्री अनुभव के साथ गंगा आरती और पेशवाई जुलूस जैसे कार्यक्रमों का आनंद ले सकेंगे। यह पहल उन भक्तों के लिए विशेष रूप से मददगार होगी, जो किसी कारणवश मेले में शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं हो सकते।*





॥सर्वसिद्धिप्रदः कुम्भः॥

13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा यह महाआयोजन

*प्रयागराज। भारतीय रेलवे भी प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक छवि को निखारने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 'पेंट माई सिटी' अभियान के तहत प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों को कला और संस्कृति के अद्भुत केंद्रों में परिवर्तित कर दिया गया है। प्रयागराज के रेलवे स्टेशन जिनमें प्रयागराज जंक्शन, नैनी जंक्शन, फाफामऊ, प्रयाग जंक्शन, झूंसी रेलवे स्टेशन, रामबाग रेलवे स्टेशन, छिवकी रेलवे स्टेशन, प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन और सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन महाकुम्भ के दृष्टिगत भारत की कला और संस्कृति का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं।*

## रेलवे ने उकेरी महाकुंभ में प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक छवि

# रेलवे स्टेशन में भी आध्यात्मिकता का रंग





### कलाकृतियां श्रद्धालुओं को करेंगी आकर्षित

रेलवे की यह पहल केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रयागराज की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परंपराओं को भी दर्शाती है। इन कलाकृतियां में ऋषि परंपरा, गुरु-शिष्य परंपरा, ज्ञान और त्याग के महत्व को दिखाया गया है, जो प्रयागराज के आध्यात्मिक स्वरूप को और भी उजागर करते हैं। ये कलाकृतियां महाकुम्भ 2025 के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। भारतीय रेलवे का यह प्रयास कला और विकास का संगम प्रस्तुत करता है। यह पहल यह सुनिश्चित करती है कि महाकुम्भ 2025 में प्रयागराज आने वाले हर व्यक्ति को न केवल भव्य आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर मिले, बल्कि वे इस शहर की गहराई और इसकी सांस्कृतिक जीवंतता को भी महसूस कर सकें।





### पौराणिक कथाओं का चित्रण

इन स्टेशनों की दीवारों पर हिंदू पौराणिक कथाओं और भारतीय परंपराओं को चित्रित करने वाली भव्य और आकर्षक कलाकृतियां बनाई गई हैं। रामायण, कृष्ण लीला, भगवान बुद्ध, शिव भक्ति, गंगा आरती और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर आधारित ये कलाकृतियां श्रद्धालुओं और पर्यटकों को प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर से परिचित कराती हैं।




---



## बज गया दिल्ली का चुनावी बिगुल

### आप, भाजपा, कांग्रेस में होगा त्रिकोणीय संघर्ष

# सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक सहित भ्रष्टाचार भी है अहम मुद्दा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है, चुनाव आयोग ने तारीखों का ऐलान कर दिया है। दिल्ली में एक ही चरण में चुनाव होंगे, दिल्ली में 5 फरवरी को वोटिंग 8 को नतीजे घोषित होंगे। दिल्ली में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी का मुकाबला भाजपा व कांग्रेस से है। मुख्य रूप से यही तीनों दलों के बीच संघर्ष होगा। दिल्ली का मुकाबला इस बार काफी दिलचस्प हो गया है। सड़क से लेकर सुरक्षा तक के मुद्दे इस बार के चुनाव में हावी हैं तो वहीं इस बार का चुनाव तीन दलों के बीच होने वाला है और ये दल हैं आप, भाजपा और कांग्रेस।

### दिल्ली चुनाव के प्रमुख मुद्दे



- शिक्षा और स्वास्थ्य इस बार के चुनाव के अहम मुद्दे हैं। दिल्ली दिल्ली सरकार द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए कार्य क्या जनता को अच्छे लगे या नहीं, इसका पता चुनावी रिजल्ट बताएंगे।
- सरकारी स्कूलों और मोहल्ला क्लीनिकों की सफलता या असफलता प्रमुख चुनावी मुद्दे हैं।
- राजधानी में बढ़ता प्रदूषण और यमुना नदी की सफाई जैसे मुद्दे भी इस बार के चुनाव में अहम भूमिका निभाने वाले हैं।
- बिजली और पानी के क्षेत्र में किए गए कार्य भी चुनावी मुद्दा है।
- महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे भी चुनावी चर्चा में शामिल हैं।

### प्रमुख दल और उनके नेता

- **आप :** पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में, आप ये चुनाव लड़ रही है। केजरीवाल का जेल जाना और फिर सीएम की गद्दी छोड़ना और जनता के लिए जीने का दावा करना क्या उन्हें फिर से दिल्ली की राजगद्दी दिलाएगा?
- **भाजपा :** दिल्ली में सत्ता हासिल करने का सपना देख रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपने राष्ट्रीय एजेंडे को दिल्ली में लागू करने का प्रयास करेगी।
- **कांग्रेस :** लंबे वक्त से सत्ता से बाहर है, वापसी की कोशिश करेगी। इंडिया ब्लॉक में वो और आप पार्टी साथ हैं लेकिन दिल्ली के रण में दोनों आमने-सामने हैं।

### 2.08 लाख फर्स्ट टाइम वोटर

मुख्य चुनाव अधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि 'दिल्ली में 70 विधानसभा सीटें हैं, कुल 1.55 करोड़ मतदाता है, जिसमें से पुरुष मतदाताओं की संख्या 83.49 लाख है, महिला मतदाताओं की संख्या 71.74 लाख है और युवा मतदाताओं की संख्या 25.89 लाख है। पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 2.08 लाख हैं। दिल्ली में 1.55 करोड़ से ज्यादा मतदाता पंजीकृत हैं। कोई भी पात्र नागरिक जो अभी तक पंजीकृत नहीं है, वह नामांकन की अंतिम तिथि से 10 दिन पहले तक पंजीकरण करा सकता है।

---

### केंद्र पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

## 'लोगों को मुफ्त देने पैसे हैं जजों को सैलरी देने नहीं'

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनावों से ऐन पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर गंभीर चिंता जताई है कि राज्यों के पास लोगों को मुफ्त सुविधाएं देने के लिए पर्याप्त पैसे हैं लेकिन जब जजों को सैलरी और पेंशन देने की बात आती है तो सरकारें यह कहती हैं कि वित्तीय संकट है। मंगलवार को जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस ए जी मसीह की खंडपीठ ने ये टिप्पणी तब की, जब देश के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी ने कहा कि सरकार को न्यायिक अधिकारियों के वेतन और सेवानिवृत्ति लाभों पर निर्णय लेते समय वित्तीय बाधाओं पर विचार करना होगा। ऑल इंडिया जजेज एसोसिएशन बनाम भारत संघ एवं अन्य से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने विशेष रूप से महाराष्ट्र सरकार की लाडली-बहना योजना और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा किए जा रहे चुनावी वादों का हवाला देते हुए ऐसा कहा।



### उनके लिए खूब पैसा जो काम नहीं करते

जस्टिस संजीव खन्ना के बाद इसी साल सीजेआई बनने जा रहे जस्टिस गवई ने मौखिक रूप से टिप्पणी की, 'राज्य के पास उन लोगों के लिए खूब पैसा है, जो कोई काम नहीं करते हैं। जब हम वित्तीय बाधाओं की बात करते हैं तो हमें इस पर भी गौर करना चाहिए। चुनाव आते ही आप लाडली बहना और अन्य नई योजनाओं की घोषणा करते हैं, जिसमें आपको निश्चित राशि का भुगतान करना होता है। दिल्ली में अब किसी न किसी पार्टी ने घोषणा की है कि अगर वे सत्ता में आए तो 2500 रुपये का भुगतान करेंगे।'

---

## ...तो अबूझमाड में कैसे होगा सेना के लिए 54 हजार 543 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण

### महज 40 हेक्टेयर वन भूमि में कमांडो कैंप स्थापित करने पर असम सरकार पर पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

असम सरकार पर लगभग 40 हेक्टेयर रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में कमांडो कैंप स्थापित करने पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का चाबुक चला तो आननफानन में केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले ' फारेस्ट एडवाइजरी कमेटी' ने राज्य पर पेनाल्टी चस्पां कर दिया। आरोप है कि राज्य सरकार ने वन्य क्षेत्र में गैर परंपरागत वन कार्यों के लिए वन सरंक्षण एवं संवर्द्धन अधिनियम 1980 का उल्लंघन किया है। समूची सरकार हांफ रही है। सफाई दे रही है कि हथियारबंद अतिवादियों से निपटने एवं वन संरक्षण के लिए ही कमांडो कैंप की स्थापना की गई है। वन और वनोपज को कैंप से कोई नुकसान नहीं हुआ बल्कि संरक्षण और संवर्द्धन हुआ है। मगर, एनजीटी की भृकुटियां तनी हुई हैं। फॉरेस्ट एडवाइजरी कमेटी ने भी मौके की नजाकत को देखते हुए तय कानूनी प्रावधानों के हिसाब से पेनाल्टी ठोक कर जिम्मेदारी से पल्ला झाड लिया है। कई अधिकारी कानून की जद में आ गये हैं। ये तो महज 40 हेक्टेयर वन भूमि अधिग्रहित कर कमांडो कैंप चलाने का मामला है। छत्तीसगढ सरकार ने तो नारायणपुर जिले के अंतर्गत आने वाले सबसे घने जंगल अबूझमांड में भारतीय सेना के 'मेन्युवर-रेंज' के लिए 54 हजार 543 हेक्टेयर वन अधिग्रहित करने का आदेश स्थानीय जिलाधिकारी को दिया है।

### छत्तीसगढ़ का मामला अलग

विशेषज्ञों का मानना है कि छत्तीसगढ का मामला इसीलिए अलग है कि यहां भारतीय सेना के लिए भूमि अधिग्रहित की जा रही है तो जाहिर है प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से केंद्र सरकार की मॉनिटरिंग हो रही होगी। नियम कायदे उसी कसौटी पर कस कर ही कार्य को अंजाम दिया जा रहा होगा, लेकिन असम का मामला पूर्ण रूप से राज्य सरकार का था। महज राज्य के चीफ कंजर्वेटर की अनुशंसा पर वन भूमि पर कैंप स्थापित कर दिया गया था, उसमें कानून की पालना में कहीं न कहीं चूक हुई जिसे अब दुरुस्त किया जा रहा है। ऐसा छत्तीसगढ के अबूझमाड के मामले नहीं होगा, ये तय है।

डॉ.वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
हर्बल लेप
शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुन: लगा दें।
HMS
शिव मस्सा नाशक

---

## कोरोना जैसे वायरस एचएमपीवी के देश में हुए अब 8 मामले

# महाराष्ट्र के नागपुर में सामने आए 2 नए केस




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कोरोना जैसे वायरस एचएमपीवी के देश में 8 केस हो गए हैं। मंगलवार को महाराष्ट्र के नागपुर में 2 केस सामने आए। यहां एक 13 साल की लड़की और एक 7 साल का लड़का संक्रमित मिला है। दोनों ही बच्चों को लगातार सर्दी-बुखार था। इसके बाद प्राइवेट लैब की जांच में दोनों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। हालांकि इन्हें अस्पताल में भर्ती नही करना पड़ा। इलाज के बाद उनकी स्थिति कंट्रोल में है। इससे एक दिन पहले कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और गुजरात में एक-एक केस मिलाकर वायरस के कुल 6 मामले सामने आए थे। इनमें ज्यादातर बच्चे हैं। केंद्र ने राज्यों को 'इंफ्लूएंजा लाइक इलनेस' और 'सीवर एक्यूट रेस्परेट्री इश्यूज' जैसी सांस की बीमारियों की निगरानी बढ़ाने और एचएमपीवी के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है।

### वुहान में स्कूल बंद, डब्लूएचओ ने वायरस पर मांगी रिपोर्ट

'ह्यूमन मेटान्यूमो' दुनिया को डराने लगा है। चीन में वायरस से हालात बिगड़ने लगे हैं। वुहान में स्कूलों को बंद कर दिया गया है। यहां 10 दिन में एचएमपीवी के मामले 529% बढ़े हैं। बच्चों में बढ़ते मामलों को देखते हुए ही ये फैसला लिया गया है। चीन में वायरस से हड़कंप मचा हुआ है। एंटीवायरल ड्रग की भारी कमी है। एंटीवायरल ड्रग की ब्लैक मार्केटिंग शुरू हो गई है। हालत ये हो गई है कि एंटीवायरल ड्रग 41 डॉलर में बिक रहे हैं। वायरस के बढ़ते मामलों से डब्लूएचओ भी टेंशन में आ गया है। उसने चीन से एचएमपीवी की पूरी जानकारी मांगी है। चीन अभी तक एचएमपीवी मामलों पर जानकारी छुपा रहा है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर ने कहा- पैनिक नहीं तो रिसर्च की जरूरत नहीं | लक्षणों के आधार पर इलाज, तीन से पांच दिन में ठीक होने वाला इंफेक्शन

# एचएमपीवी सालों पुराना वायरस, असर सर्दी-जुकाम जैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस जिसे चीन से फैला संक्रमण बताया जा रहा है, वह छत्तीसगढ़ के लिए 25 साल पुरानी मौसमी बीमारी है। प्रदेश के चिकित्सकों का कहना है कि यह सामान्य सर्दी-जुकाम की समस्या लेकर आता है और सामान्य दवा से ठीक हो ▶▶|शेष पेज 4 पर



सोशल मीडिया से प्रभावित होकर इस बारे में पूछ रहे हैं। वास्तव में यह काफी पुराना वायरस है और इसका असर सर्दी-खांसी के अलावा और कुछ नहीं है।
- डॉ. विनय वर्मा
सीएमओ आंबेडकर अस्पताल



आईसीएमआर द्वारा भी इस वायरस के खतरनाक नहीं होने की पुष्टि कर चुका है। यह बच्चों के लिए वायरल इंफेक्शन जैसा होता है। इसे लेकर डरने की जरूरत नहीं है।
- डॉ. निलय मोझरकर, शिशु रोग विशेषज्ञ

**विशेषज्ञों का कहना**



इस वायरस की जानकारी पच्चीस साल पहले से है। यह लोगों को सर्दी-खांसी जैसी समस्या से पीड़ित करता है। ठंड की समाप्ति के साथ ही यह भी खत्म हो जाएगा।
- डॉ. राकेश गुप्ता
विशेषज्ञ ईएनटी



यह बेहद ही सामान्य तरह की समस्या है। यह इंफ्लूएजा की श्रेणी में शामिल है और इसका इलाज भी लक्षण आधार पर सामान्य दवाओं से होता है।
- डॉ. आरके पांडा, एचओडी
रेस्पिरेटरी आंबेडकर अस्पताल



अब तक की जानकारी के अनुसार एचएमपीवी सामान्य तरह का इंफ्लूएंजा है। यह आमतौर पर उन्हें बीमार करता है, जिनकी इम्यूनिटी कम है। लक्षण आधारित दवाओं से यह ठीक हो जाता है।
- डॉ. आशीष दुबे, एमडी मेडिसिन



सोशल मीडिया में इसे अनावश्यक तूल दिया जा रहा है, यह जानलेवा बिल्कुल नहीं है। प्रायः हर वर्ष वसन्त ऋतु में इसका संक्रमण होता है। ऐसे संक्रमण से लड़ने इम्यूनिटी को उच्चतम स्तर पर बनाए रखने की जरूरत है।
- डॉ. हरीन्द्र मोहन शुक्ला
पंचकर्म विशेषज्ञ



सोशल मीडिया इसे लेकर पैनिक हो रहा है, जबकि अभी तो अस्पतालों में साधारण सर्दी-खांसी के मरीज भी बेहद कम संख्या में आ रहे हैं। यह खतरनाक वायरस नहीं है।
- डॉ. रोशन सिंह राठौर
विशेषज्ञ टीबी एवं चेस्ट

# छग पुलिस खरीद रही 3900 ग्रेनेड लांचर, निशाने पर होंगे नक्सली



- 3900 नग ग्रेनेड लांचर खरीदी के लिए जारी हुआ टेंडर
- नक्सली भी ऐसा ही हथियार बनाकर कर रहे हैं हमले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

छत्तीसगढ़ में हिंसा और उत्पात मचा रहे नक्सली अब पुलिस के मल्टी ग्रेनेड लांचर के निशाने पर होंगे। राज्य पुलिस मुख्यालय ने इस भयंकर मारक हथियार की बड़ी मात्रा में खरीदी की तैयारी कर ली है। नक्सलियों से निपटने के लिए पुलिस अब 3900 नग मल्टी ग्रेनेड लांचर खरीदने जा रही है। इस सौदे के लिए पुलिस मुख्यालय ने टेंडर जारी किया है। खास बात ये भी है कि राज्य में नक्सली भी खुद के ग्रेनेड लांचर बना रहे हैं, इस हथियार से पुलिस ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कंधे से फायर करने वाला घातक अस्त्र

छत्तीसगढ़ पुलिस इस बार 40 एमएम मल्टी ग्रेनेड लांचर खरीदने जा रही है। इस हथियार को नक्सल एवं आतंकवाद विरोधी और कम तीव्रता वाले संघर्ष अभियानों में इस्तेमाल किए जाने के लिए एक आदर्श हथियार के रूप में माना जाता है। इसमें यूबीजीएल के साथ आमतौर पर इस्तेमाल होने वाला गोला-बारूद किया जाता है। यह जंगल के इलाकों में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसमें उच्च मारक क्षमता होने के साथ ही यह 150- 300 मीटर तक की दूरी पर एक सटीक निशाना साधने में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह एक ऐसा हथियार है, जिसे जवान कंधे पर रखकर फायर करता है। पुलिस के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार राज्य में जरूरत के मुताबिक इस हथियार का इस्तेमाल किया जाता है।

### 6 मीटर दायरे को करेगा प्रभावित

राज्य पुलिस ने अभी जो 40 एमएम मल्टी ग्रेनेड लांचर खरीदने की तैयारी की है वह जबरदस्त मारक क्षमता वाला होगा। बताया गया है कि इस वार का असर कम से कम 6 मीटर दायरे को प्रभावित या विनाश कर सकता है। फायरिंग रेंज 150 मीटर तक पिनपॉइंट है, साथ ही फायरिंग रेंज (अप्रत्यक्ष) 350 से 400 मीटर तक होगी। यह 10 से 50 डिग्री के तापमान की रेंज में इस्तेमाल किया जा सकेगा और इसकी जीवनकाल पांच साल के कम नहीं होगा। इस क्षमता वाले हथियार की खरीदी के लिए पुलिस मुख्यालय ने टेंडर जारी किया है।

# दिल्ली के दंगल का ऐलान, 8 फरवरी को तय हो जाएगा कौन 'पहलवान'

*70 सीटें, बहुमत का आंकड़ा- 36, मतदाता- 1.55 करोड़*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में मंगलवार को चुनावी बिगुल बज गया। यहां की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा जबकि मतों की गिनती तीन दिन बाद आठ फरवरी को की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को यहां चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है। दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं जिसमें से 58 सामान्य श्रेणी की जबकि 12 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी है और नामांकन पत्रों की जांच 18 जनवरी तक की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार 20 जनवरी तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे।

उन्होंने कहा, यह एक चरण का चुनाव है। हमने जानबूझकर बुधवार को मतदान रखा है ताकि अधिक लोग मतदान करने के लिए बाहर आएं, जैसा कि हमने महाराष्ट्र में किया। उत्तर प्रदेश में मिल्कीपुर और तमिलनाडु में इरोड विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव इसी कार्यक्रम के अनुसार होंगे। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### खास बातें

- एक चरण में दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर होगा मतदान
- पिछले विधानसभा चुनाव के बाद 5 साल में 7 .38 लाख मतदाता बढ़े
- संशोधन अभियान में करीब 2 .08 लाख नए मतदाता किए गए शामिल

### 8 को डाले जाएंगे वोट



### चुनाव कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| अधिसूचना | - 10 जनवरी |
| आवेदन की अंतिम तिथि | - 17 जनवरी |
| नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी | - 18 जनवरी |
| नामांकन वापसी | - 20 जनवरी |
| मतदान | - 5 फरवरी |
| मतगणना | - 8 फरवरी |

### दिल्ली में चुनावी मुद्दे

- भ्रष्टाचार
- प्रदूषण
- बिजली-पानी
- रोहिंग्या
- बेरोजगारी
- सरकारी योजनाएं
- शराब घोटाला
- झुग्गी-झोपड़ी

**ईवीएम से छेड़छाड़ के आरोप निराधार**

मुख्य चुनाव अधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि ईवीएम मतगणना के लिए पूर्णतया सुरक्षित हैं। ईवीएम से छेड़छाड़ के आरोप निराधार हैं, हम अब इसलिए बोल रहे हैं क्योंकि चुनाव के समय हम नहीं बोलते, वीवीपैट प्रणाली वाली ईवीएम मतदान प्रणाली की सटीकता सुनिश्चित करती है। पुराने पेपर बैलट की वापसी अनुचित और प्रतिगामी है। इसका उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को पटरी से उतारना है।

**अपने-अपने दावे**

### भाजपा खत्म करेगी वनवास

भाजपा विगत 26 सालों से दिल्ली की सत्ता से बाहर है। भाजपा अपने वनवास को समाप्त करने का हरसंभव प्रयास कर रही है। भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विधानसभा चुनाव की घोषणा का स्वागत किया। उन्होंने कहा, मैं यहां की जनता से 'विकसित दिल्ली' बनाने और लोगों की उन्नति में योगदान देने वाली सरकार चुनने की अपील करता हूं।

### कांग्रेस ने अपने कार्यकाल याद दिलाए

कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी काजी मोहम्मद निजामुद्दीन ने भी चुनाव की घोषणा का स्वागत किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस के शासनकाल में दिल्ली रहने लायक थी। लोगों को दिल्ली के गैस चैंबर से खुद को बचाने के लिए वोट करना चाहिए, उन्हें अच्छी सरकार चुननी चाहिए, उन्हें इस बात का एहसास होना चाहिए कि केंद्र में भाजपा और दिल्ली में आप के शासन ने उन्हें कितना नुकसान पहुंचाया है।

### आप ने फिर किया दावा

आप के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली विस चुनाव में 'काम की राजनीति और गाली-गलौज की राजनीति' के बीच मुकाबला होगा। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी राष्ट्रीय राजधानी में सरकार बनाएगी। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली की जनता का विश्वास हमारी काम की राजनीति के साथ रहेगा। हम जरूर जीतेंगे।


# सोनालीका: असंभव भारतीय सफलता की कहानी



**श्री एल डी मित्तल**
चेयरमैन - सोनालीका ग्रुप

**भारत ऐसे दूरदर्शी लोगों से भरा है जिनके अथक प्रयासों ने एक अमिट छाप छोड़ी है और सफलता की ऊंचाइयों को छुआ है। दूरदर्शी ट्रैक्टर दिग्गज, श्री एल डी मित्तल, चेयरमैन, सोनालीका ग्रुप ने बताया कि कैसे कृषक समुदाय को सशक्त बनाने का उनका सपना एक अविश्वसनीय भारतीय सफलता की कहानी का आधार बन गया।**

**प्रश्न: सोनालीका की विकास की कहानी अविश्वसनीय है। इसके पीछे सफलता का मंत्र क्या है?**

सोनालीका का जन्म पंजाब के होशियारपुर के एक छोटे से गैर-औद्योगिक शहर में हुआ था और यह अब अनुमानतः $1.1 बिलियन के कुल कारोबार के साथ फॉर्च्यून 500 इंडिया 2024 में सबसे बड़ी कंपनियों की सूची में शामिल है। यह कल्पना से परे है, फिर भी सच है। भले ही संचालन का स्तर कुछ भी हो, किसानों के काम को आसान बनाने और कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए वैश्विक तकनीक प्रदान करने के हमारे दृढ़ विश्वास ने हमें यहाँ तक पहुँचाया है। अपनी स्थापना के बाद से ही सोनालीका की नींव **3 सिद्धांतों पर टिकी है - अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम उत्पाद और सर्विस प्रदान करना, हितधारकों के हितों को प्राथमिकता देना और नैतिकता के उच्चतम मानकों के साथ व्यापार करना तथा उत्कृष्टता के लिए कोई शॉर्टकट न अपनाना।**

शुरुआती दिनों में जब हमने थ्रेशर बनाना शुरू किया, तो हम स्पष्ट थे कि हमें लागत की परवाह न करते हुए सबसे अच्छे उत्पाद बनाने हैं। इस दृष्टिकोण ने हमें किसानों का विश्वास जीतने और उनकी ज़रूरतों को गहराई से समझने में मदद की। हम उनकी प्रतिक्रिया से अभिभूत थे और उन्होंने हमसे बेहतर गुणवत्ता वाले ट्रैक्टर बनाने का अनुरोध किया। इसने हमें 1995 में ट्रैक्टर व्यवसाय में प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया। तब से सोनालीका ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा । उच्च गुणवत्ता वाले ट्रैक्टर प्रदान करने के अपने ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ।

विश्वसनीय सर्विस और स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता के साथ हमनें देश भर में और दुनिया भर में लाखों किसानों का दिल जीत लिया। हमने अपने व्यवसाय के सिद्धांतों में स्वयं के अनुशासन और संसाधनों के साथ आगे बढ़ने के दृढ़ विश्वास को लागू करके इसे और कठिन बना दिया। यह सफ़र आसान नहीं था और अक्सर अस्तित्व के सवाल भी उठे। हालाँकि, हर बार हम **ऋण-मुक्त रहने के अपने सिद्धांत पर अड़े रहकर** और भी मज़बूत हुए। इसने हमें अलग तरह से सोचने और चीज़ों को अलग तरह से करने में मदद की है जिससे हम आत्मनिर्भर बन गए हैं। हमने बिना किसी प्लांट या अनुसंधान एवं विकास के साथ शुरुआत की, लेकिन हमारा दृढ़ विश्वास था कि हम जो कर रहे हैं वह सही है क्योंकि मेरा दृढ़ विश्वास है कि 'कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती'। इस दृष्टिकोण ने हमें प्रत्येक ग्राहक वर्ग के लिए विभिन्न समाधान प्रदान करने के लिए अपनी खुद की कृषि तकनीक को डिजाइन और विकसित करने पर केंद्रित रखा है।

**US $ 1.1 अरब टर्नओवर**

**ऋण मुक्त दृष्टिकोण**

**4- 3 सिद्धांत-सर्वोत्तम उत्पाद और सर्विस, हितधारकों को प्राथमिकता और बिना किसी शॉर्टकट के नैतिक दृष्टिकोण।**




हमारे ग्राहकों की सफलता ने कंपनी को अब तक की यात्रा में कई उपलब्धियां दर्ज करने में मदद की है जिन्हें शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। हम भारत से नंबर 1 ट्रैक्टर एक्सपोर्ट ब्रांड होने पर गर्व करते हैं, एक बाहरी ब्रांड के लिए अनुबंध निर्माता होने के बजाय एक गौरवपूर्ण भारतीय नाम के तहत काम करते हैं। हमारा एक्सपोर्ट मार्केट शेयर बाकी प्रतिस्पर्धियों से लगभग दोगुना है और हम 150 से अधिक देशों में मौजूद हैं। विश्व के सबसे बड़े ट्रैक्टर मार्केट भारत में हम तीसरे सबसे बड़े ट्रैक्टर ब्रांड हैं जो कृषि क्षेत्र के हर पहलू में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते हैं और लगातार उद्योग की वृद्धि को पार करते हैं, जो ग्राहकों के हमारे प्रति विश्वास का प्रतीक है।

**प्रश्न: आपने ग्राहकों को सर्वोत्तम समाधान प्रदान करना तथा अपने सिद्धांतों पर कायम रहना कैसे सुनिश्चित किया?**

हमने अपने व्यवसाय में पैमाने से परे हर काम में सर्वश्रेष्ठ देने के अपने विश्वास को मजबूत करना जारी रखा है - चाहे वह महीने में 100 ट्रैक्टर की शुरुआती वॉल्यूम हो या आज लगभग 15,000 ट्रैक्टर प्रति माह वॉल्यूम। हम हमेशा अपने ग्राहकों के करीब रहते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हम उनकी बढ़ती जरूरतों को समझें और आवश्यकता को पूरा करने के लिए अपने उत्पादों में तेज़ी से सुधार करें।

शुरुआती वर्षों में हमारे सप्लायर ने इंजन और अन्य घटकों में संशोधन के लिए हमारे अनुरोधों को कम वॉल्यूम के कारण स्वीकार नहीं किया। यही वह समय था जब हमने ट्रैक्टर बनाने के लिए अपनी खुद की क्षमता विकसित करने का फैसला किया, चाहे वह इंजन हो, ट्रांसमिशन हो, शीट मेटल हो, गियर बॉक्स हो इत्यादि ताकि आवश्यक संशोधन जल्दी से किए जाएं और हमारे ग्राहकों की ज़रूरतें पूरी हों। हमारे हैवी ड्यूटी ट्रैक्टरों की मांग तेज़ी से बढ़ती रही और इतनी हो गई कि हमने अपने प्लांट का विस्तार किया जो आज होशियारपुर में दुनिया का नंबर 1 इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग प्लांट है। यह अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट हर 2 मिनट में 1 ट्रैक्टर तैयार करता है, जो रोबोट संचालन और स्वचालित उत्पादन लाइनों द्वारा समर्थित है जो एक ही असेंबली लाइन पर विभिन्न इंजन और ट्रांसमिशन बनाने हेतु लचीले हैं। आज तक, यह प्लांट अपनी क्षमताओं में बेजोड़ बना हुआ है। आज, हम घरेलू और एक्सपोर्ट बाजारों की विशिष्ट आवश्यकताओं हेतु 2,000 से अधिक मॉडल बनाते हैं।

हम अपने विक्रेताओं के साथ मिलकर काम करना जारी रखते हैं और होशियारपुर में अपना निर्माण केंद्र स्थापित करने में उनकी मदद करते हैं। इससे हमें अपने प्लांट के आसपास एक संपूर्ण व्यावसायिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद मिली है।अपनी तकनीकी विशेषज्ञता को और बढ़ाने और ग्राहकों को सर्वोत्तम समाधान प्रदान करने के लिए, हमने रेनॉल्ट और यानमार जैसी वैश्विक कंपनियों के साथ गठजोड़ किया है। मैं कृषक समुदाय के खुश चेहरों को देखकर प्रसन्न होता हूँ और यह मुझे उनके जीवन को सरल बनाने और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए प्रेरित करता है। ग्राहकों की अपेक्षाओं से बढ़कर लगातार बेहतरीन गुणवत्ता वाले उत्पाद और सर्विस प्रदान करना हमारी पहली प्राथमिकता रही है। हम निरंतर इनोवेशन करने और हर किसान की ज़रूरतों को पूरा करने तथा सर्वोच्च ग्राहक संतुष्टि प्रदान करने के लिए अपनी रणनीतियों को मज़बूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**प्रश्न: सोनालीका का अपने हितधारकों के प्रति क्या दृष्टि है ?**

हमारे साथ जुड़े सभी लोग 'एक बड़े परिवार का हिस्सा हैं और हर कोई महत्वपूर्ण है'। एक उदाहरण कोविड-19 महामारी है जिसने वैश्विक स्तर पर उद्योगों का परीक्षण किया। हालांकि, सोनालीका ने अपने भागीदारों के लिए लचीलेपन और देखभाल का एक शानदार उदाहरण दिया। हमने अनिश्चित समय के दौरान कर्मचारियों को अग्रिम वेतन देकर उन्हें प्राथमिकता दी और एक भी कर्मचारी को नहीं हटाया। हर सप्लायर को अग्रिम भुगतान किया गया ताकि वे भी अपने कर्मचारियों और व्यावसायिक जरूरतों का ख्याल रख सकें। सोनालीका को अपने परिवार-उन्मुख संस्कृति पर गर्व है, जिसने हमें एकता और ताकत के साथ चुनौतीपूर्ण समय से निपटने में मदद की है।

हमारे निर्णय और कार्य ईमानदारी, सहानुभूति और जवाबदेही के मूल मूल्यों द्वारा निर्देशित होते हैं। ये साझा मूल्य नैतिक मानकों को बनाए रखते हैं, हमारे हितधारकों के लिए विश्वसनीयता को बढ़ावा देते हैं, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता का एक सर्व-समावेशी वातावरण बनाते हैं। हम एक प्रदर्शन आधारित कार्य संस्कृति के निर्माण में बहुत आगे बढ़ चुके हैं जो टीमवर्क में विश्वास करता है और हमारा एकमात्र उद्देश्य हर दिन सुधार करना है। हमारे पास ऐसे कर्मचारियों के उदाहरण हैं जिन्होंने हमारे साथ शुरुआत की और अब विभागों के प्रमुख हैं, डीलर जिन्होंने छोटे व्यवसायी के रूप में शुरुआत की और हमारे बड़े व्यवसायी बन गए। सोनालीका परिवार भरोसे पर बना है और यह हमारे व्यवसाय के प्रति वफादारी और समर्पण में बदल जाता है। संख्या बढ़ती रहेगी, परन्तु हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात है अपने लोगों पर हमारा विश्वास। हमें 8,000 से अधिक कर्मचारियों और 20,000 से अधिक विक्रेताओं और डीलरों के परिवार पर गर्व है।

सोनालीका दुनिया भर में 17 लाख से ज़्यादा किसानों का भरोसेमंद साथी है। यह न सिर्फ़ बेहतरीन ट्रैक्टर उपलब्ध कराता है बल्कि किसानों के साथ अपने व्यवहार में पारदर्शिता भी रखता है। यह एकमात्र ऐसी कंपनी है जो अपनी वेबसाइट पर अपने ट्रैक्टर की कीमतें दिखाती है। कंपनी ने किसानों को फाइनेंसिंग विकल्पों में मदद करने के लिए NBFC सेवाओं में भी कदम रखा है।

**प्रश्न: महत्वाकांक्षी उद्यमियों के लिए आपका क्या संदेश है?**

**"ऐ जज़्बा-ए-दिल अगर मैं चाहूँ हर चीज़ मुक़म्मिल हो जाए, मंज़िल के लिए दो कदम चलूँ और सामने मंज़िल आ जाए"** - मिर्ज़ा ग़ालिब के ये शब्द मुझे हर दिन कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करते हैं और फिर भी मेरा मानना है कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। सिर्फ़ विचारों और प्रस्तुति कौशल से ज़्यादा कड़ी मेहनत और क्रियान्वयन पर ध्यान दें। सच्ची सफलता बाहरी मान्यता या फंडिंग की प्रतीक्षा करने के बजाय दृढ़ता और कार्रवाई में निहित है। अपने भविष्य की जिम्मेदारी लें! अंत में, हमारा मानना है कि किसानों की समृद्धि सिर्फ़ ट्रैक्टर उद्योग के विकास के लिए ही नहीं बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है। सोनालीका किसानों को सशक्त बनाने और सतत विकास हासिल करने के अपने दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्ध है। मेरा मानना है कि मेरी यात्रा तब पूरी होगी जब **'किसान का बेटा भी किसान बनना चाहेगा।'**

## चिंतन

# लोकतांत्रिक संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करना देशहित में नहीं

हमारी स्वतंत्र संस्थाएं हमारे लोकतंत्र की नींव हैं। अगर संस्थाएं ही स्वतंत्र नहीं रहेंगी तो लोकतंत्र धराशाही हो जाएगा। हमारे नीति निर्माताओं और बाबा साहेब के संविधान ने इसीलिए हमारी संस्थाओं को इतना अधिकारयुक्त बनाया ताकि कोई भी इसके कार्य में हस्तक्षेप करने की हिम्मत न करे, लेकिन बीते कुछ सालों से देखने में आ रहा है कि हमारे राजनीतिक दल गाहे-बगाहे अपने हित साधने के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं को ही कठघरे में खड़ा करने के प्रयास में लगे हैं। अब चुनाव आयोग को ही लें। बीते लंबे अरसे से आयोग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाने की कोशिशें हो रही हैं। विपक्ष आयोग को घेरने के प्रयासों में लगा है। यही कारण है कि मंगलवार को देश की राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव के ऐलान के लिए बुलाई गई पत्रकारवार्ता में मुख्य चुनाव आयुक्त चुनाव पर तो महज 10 मिनट ही बोले, शेष एक घंटा बीस मिनट उन्होंने चुनाव आयोग पर लगाए जा रहे आरोपों का ही जवाब दिया। उन्होंने यह भी कहा कि चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाना गलत ट्रेंड है। इससे युवा वोटर्स पर असर पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट भी ईवीएम पर सवाल उठाने वालों को खारिज कर चुका है। वैसे भी ईवीएम के बारे में बहुत बार हम लोग बात कर चुके हैं। चुनाव की तारीख से 7-8 दिन पहले एजेंट के सामने सिंबल डाले जाते हैं। मॉक पोल की छूट होती है। बैटरी उसी दिन डाली जाती है और सील होती है। ईवीएम को एजेंट के सामने सील लगाई जाती है। पोलिंग डे पर सील तोड़ी जाती है। पोलिंग स्टेशन पर सबसे पहले सीरियल नंबर चेक कराए जाते हैं। एजेंट मौजूद रहते हैं, मॉक पोल होता है। पोलिंग एजेंट आने-जाने वालों का हिसाब रखता है। पोलिंग खत्म होने के बाद कितने वोट पड़े, इसकी संख्या एजेंट्स को दी जाती है। ईवीएम को स्टोर रूम में लाया जाता है, ताला लगाया जाता है। काउंटिंग के दिन सील तोड़ी जाती है। फॉर्म 7 सी से नंबर मिलाने को कहते हैं। मिला तो ही काउंटिंग होती है। 5 वीवीपैट की गिनती भी कर ली जाती है। इसके बाद भी आरोप लगाना कहां तक सही है। आयोग पहले ही साफ कर चुका है कि ईवीएम हैक हो ही नहीं सकती है। वायरस और बग का कोई सवाल ही नहीं है। ईवीएम काउंटिंग के लिए फुल प्रूफ डिवाइस है। इसके बावजूद ईवीएम पर सवाल उठाना कहां तक जायज है। यह भी तब, जब चुनाव आयोग खुला चैलेंज भी दे चुका है कि अगर कोई कहता है कि ईवीएम हैक हो सकती है तो आकर करके दिखाए, लेकिन तब तो कोई आयोग के दफ्तर पहुंचा नहीं। केवल इतना ही नहीं, चुनाव आयोग ने आज वोटिंग स्टेशन की रिकार्डिंग सार्वजनिक करने पर भी सीलेवार जवाब दिया। आयोग के जवाब से साफ हो गया कि पोलिंग बूथ की रिकॉर्डिंग नहीं दी जा सकती। क्योंकि पारदर्शिता चुनाव आयोग का मूलभूत आधार है। उवैसे भी ये केवल मतदाता के प्रोफाइल और प्राइवेसी के लिए है। जिसने वोट दिया, नहीं दिया, उसका चेहरा सब सामने आ जाएगा। अब विपक्ष को सोचना चाहिए कि कितने झूठ बोले जाएंगे। कहीं तो रुकेंगे। चुनाव आयोग के स्पष्टीकरण से यह भी साफ हो गया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का यह दावा भी मनगढ़ंत ही था कि बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम काट दिए गए। ऐसे फर्जी दावे यही बताते हैं कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल चुनाव प्रक्रिया को लेकर बेबुनियाद दावे कर लोगों को गुमराह और चुनाव आयोग को बदनाम करने में माहिर हो गए हैं। यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। विपक्ष को भी सोचना चाहिए कि अगर हमारी संस्थाओं को ही कठघरे में खड़ा करने की कोशिशें होंगी तो हम स्वतंत्र लोकतंत्र नहीं रह पाएंगे।

## दो टूक

डॉ. आर.के. सिन्हा



# सावरकर के नाम पर कॉलेज खुलने से कांग्रेस खफा क्यों

वीर सावरकर के नाम पर दिल्ली यूनिवर्सिटी एक नया कॉलेज खोलने जा रही है। वीर सावरकर जैसे महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर कॉलेज खुलने से देशभर के नौजवान निश्चित रूप प्रेरित ही होंगे। इस बारे में किसी को किसी तरह का शक भी नहीं होना चाहिए। पर कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। कांग्रेस को वीर सावरकर के नाम से ही हमेशा चिढ़ रही है। अब कांग्रेस को कौन बताए कि वीर सावरकर, जिनका पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर था, भारत के स्वाधीनता आंदोलन के अत्यंत महत्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। वे एक महान क्रांतिकारी, राष्ट्रवादी विचारक, लेखक और वकील थे। उनका जीवन और कार्य भारतीय इतिहास के एक अत्यंत महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी अध्याय का प्रतिनिधित्व करते हैं। काश, सावरकर के नाम पर खुलने वाले कॉलेज का विरोध करने वाले वीर सावरकर के बारे में अपनी महान नेता इंदिरा गांधी की ही राय को जान लेते। इंदिरा गांधी जब भारत की सूचना और प्रसारण मंत्री थीं, तब उन्हीं के निर्देश पर वीर सावरकर पर केंद्रित डाक्यमेंट्री फिल्म उनके विभाग ने बनाई थी। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते हुए सावरकर की स्मृति में डाक टिकट भी जारी हुआ। इंदिरा गांधी ने सावरकर को 'रिमार्केबल सन ऑफ इंडिया' कहा था। इंदिरा गांधी ने 20 मई 1980 को पंडित बाखले, सचिव, "स्वतंत्रवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक" के नाम से संबोधित चिट्ठी में सावरकर के योगदान का जिक्र किया था। इस पत्र में उन्होंने लिखा, 'वीर सावरकर का ब्रिटिश सरकार के खिलाफ मजबूत प्रतिरोध हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के लिए काफी अहम है। मैं आपको देश के महान सपूत के शताब्दी समारोह के आयोजन के लिए बधाई देती हूं।' अफसोस कि कांग्रेसियों को सच जानने से कोई मतलब ही नहीं रहा। उन्हें तो मीन-मेख निकालनी है। इसलिए इतनी पुरानी पार्टी सिकुड़ती ही चली जा रही है। वीर सावरकर तो बचपन से ही देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थे और उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विरोध में भाग लेना शुरू कर दिया था। सावरकर 1905 में श्यामजी कृष्ण वर्मा द्वारा स्थापित 'इंडिया हाउस' में शामिल होने के लिए लंदन चले गए। लंदन में, उन्होंने 'अभिनव भारत' नामक एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की, जिसका उद्देश्य भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त करना था। उन्होंने '1857 का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम' नामक एक पुस्तक लिखी, जिसमें उन्होंने 1857 के सिपाही विद्रोह को भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम बताया। इस पुस्तक को ब्रिटिश सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था। सावरकर ने इटली के क्रांतिकारी नेता गिउसेप्पे मैजिनी से प्रेरणा ली और उनकी क्रांतिकारी विचारधारा को भारतीय संदर्भ में लागू करने का प्रयास किया। 1910 में, सावरकर को नासिक के जिला मजिस्ट्रेट जैक्सन की हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें दोषी ठहराया गया और 50 साल की कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में स्थित सेलुलर जेल में भेजा गया, जहां उन्होंने कई वर्षों तक कठोर यातनाएं सहीं। काला पानी में उन्होंने एकांत कारावास, कठोर श्रम और अमानवीय परिस्थितियों का सामना किया। कोल्हू में बैल की तरह जोतकर उनसे सूखे नारियल से तेल निकलवाया जाता था । सावरकर हिंदू राष्ट्रवाद के एक प्रमुख पैरोकार थे। उन्होंने एक मजबूत और एकजुट हिंदू राष्ट्र की वकालत की। सावरकर ने जाति व्यवस्था और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। वीर सावरकर का एक शानदार चित्र पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में लगा हुआ था। उनके चित्र का 26 फरवरी, 2003 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने संसद भवन में अनावरण किया था। इसे चंद्रकला कुमार कदम ने बनाया था। जब वीर सावरकर का चित्र लगाने की पहल हुई तब भी कांग्रेस ने यह कहकर विरोध किया था कि वे सांसद नहीं थे। तब कांग्रेसी भूल गए थे कि लोकमान्य तिलक तथा महात्मा गांधी जैसे राजनीतिज्ञ व स्वाधीनता संग्राम में अहम योगदान देने वाले व्यक्ति भी तो सांसद नहीं थे। उनके त्याग व समर्पण को देखते हुए केन्द्रीय कक्ष में उनका चित्र स्थापित कर सम्मान दिया गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कुछ समय पहले वीर सावरकर पर गैर-जरूरी एवं अपमानजनक टिप्पणी की थी। उनकी बयानबाजी से शिव सेना नेता उद्धव ठाकरे भी नाराज हो गए थे। खैर, वीर सावरकर कॉलेज खुलने से राजधानी में उस महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर महत्वपूर्ण प्रतीक स्थापित हो जाएगा। देर से ही सही, राजधानी दिल्ली में अब वीर सावरकर का एक अहम प्रतीक स्थापित होने जा रहा है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



अर्थव्यवस्था

सतीश सिंह

# रुपये की गिरावट को थामना जरूरी

डॉलर की तुलना में रुपये की विनियम दर में गिरावट विकास की राह का एक बड़ा रोड़ा है। सुचारु विकास की गति को सुनिश्चित करने के लिए इस पर काबू पाना आवश्यक है। विनिमय दर में गिरावट को रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल कर रही है। चूंकि, डॉलर दुनिया की सबसे शक्तिशाली करेंसी है, इसलिए, मोटे तौर पर इसके माध्यम से ही दुनिया भर में कारोबार किए जाते हैं। रुपये में दिन के कारोबार के दौरान 27 दिसंबर 2024 को 2 साल में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई और यह एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं में शामिल हो गया। रुपया लगातार पिछले 7 सालों में डॉलर के मुकाबले कैलेंडर वर्ष के अंत में कमजोर स्तर पर बंद हुआ है। वर्ष 2024 में रुपये में अब तक 2.7 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। रुपया कमजोर होकर 85.82 के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद अब 85.54 प्रति डॉलर के स्तर पर आ गया है, जो रुपये का अब तक का सबसे निचला स्तर है। पुनः यह वर्ष 2008 में आई वैश्विक मंदी के बाद डॉलर के मुक़ाबले रुपये के विनिमय दर में सबसे बड़ी गिरावट है।

विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल रुपये की कमजोरी को कम करने के कारण 27 दिसंबर 2024 को विदेशी मुद्रा भंडार में 8.48 अरब डॉलर की कमी दर्ज की गई। इसके पिछले सप्ताह यानी 20 दिसंबर को विदेशी मुद्रा भंडार से 1.99 अरब डॉलर निकाला गया था। सितंबर महीने में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद से इसमें लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है और अब यह 644.87 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। अभी विदेशी मुद्रा भंडार के स्तर को चिंताजनक नहीं माना जा सकता है, लेकिन अगर इसी तरह विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आती रही तो वह अर्थव्यवस्था की सेहत के लिए अच्छा नहीं होगा। विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आने का अर्थ है कि निवेशक भारत में निवेश नहीं कर रहे हैं, जिसे अच्छा संकेत कतई नहीं माना जा सकता है। आमतौर पर जैसे ही डॉलर मजबूत होता है तो विदेशी निवेशक अधिक प्रतिफल की आस में अमेरिकी बाजार का रुख करते हैं और इसके कमजोर होने पर निवेशक पुनः अधिक प्रतिफल की आस में दूसरे देशों के बाजार की ओर रुख करते हैं। भारत में डॉलर के मुक़ाबले रुपये की कीमत में गिरावट आने के कुछ दूसरे अहम कारण भी हैं। जैसे, भारत के व्यापार घाटे में लगातार इजाफा होना है। यह अमूमन, निर्यात कम करने और आयात अधिक होने के कारण होता है। चूंकि, भारत अभी भी सभी जरूरत की वस्तुओं का उत्पादन नहीं करता है और वह पूरी तरह से या आंशिक रूप से अनेक उत्पादों के आयात पर निर्भर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिकांश लेन-देन अमेरिकी डॉलर के जरिये किया जाता है। इसलिए,आयात के लिए डॉलर की जरूरत होती है, जिसका सीधा प्रभाव बाजार और विविध वस्तुओं के उत्पादन पर पड़ता है। मसलन, अगर कोई उद्योग उत्पादन हेतु ऐसे कच्चे माल पर निर्भर है, जो भारत में नहीं पाया जाता है या फिर कोई जरूरी उत्पाद भारत में उपलब्ध नहीं है तो देशवासियों की जरूरत पूरी करने के लिए उनका आयात किया जाता है।

सत्तासीन होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति के सकारात्मक भाषणों से निवेशकों का भरोसा अमेरिका के



बाजार पर बढ़ा है, जिससे डॉलर मजबूत हुआ है। अब विदेशी निवेशक दूसरे देशों से अपने निवेश को समेट करके अमेरिका में निवेश करने लगे हैं। इधर, अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने हाल में अपनी बेंचमार्क ब्याज दर में बदलाव लाने का इशारा करते हुए कहा कि वे 2025 में दो बार ब्याज दरों में कटौती कर सकते हैं। इस घोषणा के बाद डॉलर इंडेक्स 108.086 पर पहुंच गया, जो पिछले दो साल का सबसे ऊंचा स्तर है। इससे भी निवेशकों का भरोसा डॉलर पर बढ़ा है। रुपये में गिरावट का सीधा असर आयात वस्तुओं की लागत पर पड़ता है, जिसमें आयात किए जाने वाले उत्पाद के अलावा किसी उत्पाद के निर्माण हेतु कच्चे माल या पार्ट्स भी शामिल हैं। उदाहरणतया 100 डॉलर के किसी उत्पाद को खरीदने के लिए अगर किसी को पहले 8300 रुपये खर्च करने पड़ रहे थे तो रुपये में कमजोरी आने के बाद उसे 8,500 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। जाहिर है, इसका प्रभाव आमजन के बजट एवं निवेश दोनों पर पड़ेगा।

डॉलर के महंगा होने का सीधा असर कच्चे तेल की कीमत पर पड़ता है। चूंकि, भारत पर्याप्त मात्रा में ईंधन का उत्पादन नहीं करता है, इसलिए, वह कच्चे तेल की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए आयात पर निर्भर है। अस्तु, कच्चे तेल की लागत में वृद्धि होने पर परिवहन की लागत बढ़ जाती है, जिससे जरूरी चीजों खास कर खाद्य उत्पादों की कीमत बढ़ जाती है, जिससे सभी का घरेलू बजट बिगड़ जाता है। पढ़ाई या घूमने के उद्देश्य से विदेश जाने वालों की लागत भी रुपये के कमजोर होने से बढ़ जाती है। कारोबार, जो आयात पर निर्भर हैं, उनके उत्पादों की लागत भी बढ़ जाती है और कंपनी की लाभप्रदता में कमी देखी जाती है। हालांकि, रुपये के कमजोर होने से निर्यातकों को फायदा होगा। उदाहरण के तौर पर आईटी, फार्मा, और जेम्स एंड जूलरी जैसे क्षेत्र के कारोबारियों को लाभ होगा, क्योंकि इनके कारोबारी निर्यात करते हैं और डॉलर के मजबूत होने से उन्हें अपने उत्पाद की ज्यादा कीमत मिलती है। शेयर बाजार पर भी रुपये के कमजोर होने से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, क्योंकि विदेशी निवेशक अधिक प्रतिफल की आशा में रुपये की जगह अमेरिकी डॉलर में निवेश करते हैं और इसके लिए वे भारतीय शेयर बाजार से अपने निवेश की निकासी कर लेते हैं।

वैसे निवेशक, जो अमेरिका के शेयर बाजार में निवेश किए हुए हैं, उन्हें लाभ होता है। इस परिप्रेक्ष्य में रुपये की कमजोरी के दुष्परिणामों से बचने के लिए निवेशक अपने पोर्टफोलियो में बदलाव करके अपने नुकसान को कुछ हद तक जरूर कम कर सकते हैं। विगत कुछ तिमाहियों से हमारे देश में विनिर्माण क्षेत्र का प्रदर्शन खराब रह रहा है और औद्योगिक उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई है। महंगाई की वजह से उपभोक्ता व्यय में कमी आई है, क्योंकि इससे लोगों की खरीदने की क्षमता कम हुई है। इससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। ऐसे में रुपये की कमजोरी, स्थिति को और भी गंभीर बना रहा है। रुपये के कमजोर होने के फायदे कम और नुकसान अधिक हैं। इसलिए, सुधारात्मक उपाय हेतु भारतीय रिजर्व बैंक को विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के लिए कवायद करनी होगी, जोकि निश्चित रूप से एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि भारत अभी भी अपनी बहुत सी जरूरतों को पूरी करने के लिए आयात पर निर्भर है। मौजूदा समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता बढ़ने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। फेडरल रिजर्व द्वारा आगामी महीनों में ब्याज दर में कटौती करने की भी संभावना है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के अंत तक डॉलर के मुक़ाबले रुपये का विनियम दर 86 रुपए प्रति डॉलर के स्तर पर पहुंच सकता है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

डॉलर की तुलना में रुपये की विनियम दर में गिरावट विकास की राह का एक बड़ा रोड़ा है। सुचारु विकास की गति को सुनिश्चित करने के लिए इस पर काबू पाना आवश्यक है। विनिमय दर में गिरावट को रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल कर रही है। चूंकि, डॉलर दुनिया की सबसे शक्तिशाली करेंसी है, इसलिए, मोटे तौर पर इसके माध्यम से ही दुनिया भर में कारोबार किए जाते हैं। रुपये में दिन के कारोबार के दौरान 27 दिसंबर 2024 को 2 साल में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई और यह एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं में शामिल हो गया। डॉलर के महंगा होने का सीधा असर कच्चे तेल की कीमत पर पड़ता है।

## पसंद और नापसंद से मुक्त होना जरूरी



संकलित

दर्शन

आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।' क्या आपने कभी ध्यान दिया है कि यह सोच सचमुच आपकी स्वाधीनता से जन्मा है? यह स्वाधीनता नहीं है, यह तो बेबसी है, लाचारी है। पसंद और नापसंद की बेड़ियों में आज लगभग पूरी मानवता जकड़ी हुई है। सभी पारिवारिक झगड़ों की जड़ में लोगों की व्यक्तिगत पसंद और नापसंद ही होती हैं। पसंद और नापसंद को लेकर समाज, राष्ट्र और धर्म तक बंटे हुए हैं। जब हमारे सोच का दायरा बहुत सीमित होता है, हम कई तरह के पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हो जाते हैं, फिर हम पर पसंद और नापसंद की सनक सवार हो जाती है। तब हम उसे नहीं देख पाते, जिसकी जरूरत है। हम वही करते हैं, जिसे हम पसंद करते हैं। वह नहीं करते, जिसे किए जाने की आवश्यकता है। फिर शुरू होता है अविराम झंझटों व विवादों का सिलसिला और उसी में उलझकर रह जाता है हमारा लघु-जीवन। योग परंपरा में भीतरी आयाम को बहुत गहराई से देखा गया और भीतरी पराधीनता से मुक्त होने की कई तकनीकों का आविष्कार किया गया, क्योंकि जो भीतरी पराधीनता का शिकार नहीं है, उसे कोई बाहरी शक्ति उस पर नियंत्रण नहीं कर सकती। पसंद और नापसंद की सनक से मुक्त होने के लिए हमें अपनी चेतना पर काम करना होगा। एक जागरूक व्यक्ति ही यह देख पाने में सक्षम होता है कि किसी विशेष परिस्थिति में क्या आवश्यक है और क्या किया जाना चाहिए।

## कोयल- अपनी वाणी को मधुर बना लेना



संकलित

प्रेरणा

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछाः इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है। संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### तिरस्कृत युवाओं की शरणस्थली बना नक्सलवाद

नक्सलवाद समाज में ठुकराए गए युवाओं का समूह बनता जा रहा है। शिक्षा के नाम पर जीरो ऐसे युवा नक्सलियों के साथ हाथ मिलाते नजर आ रहे हैं। यह मुठभेड़ पहली या आखिरी नहीं है। अनेक बार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद, यह पीठ के जहरीले फोड़े हैं। परिवार अपनी संतान खो रहा है, जबकि देश के लिए भारी क्षति है। नक्सलवाद को नेस्तनाबूद करने के प्रयास तेजी से हो रहे हैं। देश के गृहमंत्री शाह ने इसे खत्म करने के लिए रणनीति बनाई है। इसके बावजूद अभी भी ठोस प्रयासों की जरूरत है। नक्सलवाद को खत्म करने के लिए पिछले कई वर्षों से प्रयास जारी है पर यह समस्या अभी भी बनी हुई है। राष्ट्र के विकास में यह एक बड़ी बाधा है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### बसपा अकेले लड़ेगी चुनाव



दिल्ली विधानसभा के आम चुनाव की घोषणा का स्वागत। बीएसपी यह चुनाव अपनी पूरी तैयारी व दमदारी के साथ अकेले अपने बलबूते पर लड़ेगी। उम्मीद है हम इस चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### हम ज़रूर जीतेंगे



सभी कार्यकर्ता पूरी ताक़त और जोश के साथ दिल्ली के चुनावी मैदान में उतरने के लिए तैयार हो जाएं। आप ही हमारी सबसे बड़ी ताक़त हैं। दिल्ली की जनता का विश्वास हमारी काम की राजनीति के साथ ही होगा। हम ज़रूर जीतेंगे।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### सभी की भलाई



भगवद गीता हमें सिखाती है कि धर्म केवल कुछ नियमों का पालन करना नहीं है, बल्कि सभी की भलाई के लिए ऐसा करना चाहिए। जब आप खोया हुआ महसूस करते हैं तो स्वयं को खोजने का सबसे अच्छा तरीका सेवा है।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### खुद को बेहतर बनाएं



इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप छुट्टी पर हैं या काम पर, आपको खुद को बेहतर, मजबूत और स्वस्थ बनाना होगा क्योंकि अगर यह आपको चुनौती नहीं देता है तो यह आपको नहीं बदलता है।

-प्रीति जिंटा, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# पाक में 22 हजार नौकरशाहों के पास दोहरी नागरिकता



पाकिस्तान में एक आश्चर्यजनक घटनाक्रम में नेशनल असेंबली की एक समिति को सूचित किया गया कि देश के 22,000 से अधिक नौकरशाहों के पास दोहरी नागरिकता है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। नेशनल असेंबली पाकिस्तानी संसद का निचला सदन है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून समाचार पत्र के अनुसार, आंतरिक मामलों से संबंधित नेशनल असेंबली की स्थायी समिति की सोमवार को राजा खुर्रम नवाज़ की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सदस्यों ने इस चलन पर चिंता जताई और खासकर नौकरशाहों, न्यायाधीशों और सांसदों के लिए इस चलन को प्रतिबंधित करने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की। बैठक में प्रस्तावित कानून पर विचार-विमर्श किया गया, जिसके तहत उन देशों के नागरिकों को पाकिस्तानी पासपोर्ट दिया जाएगा, जिनके साथ पाकिस्तान के दोहरी नागरिकता समझौते हैं। बैठक के दौरान, यह पता चला कि करीब 22,000 नौकरशाहों के पास दोहरी नागरिकता है। समिति के सदस्य अब्दुल कादिर पटेल ने आश्चर्य जताया कि नेशनल असेंबली के सदस्यों और न्यायाधीशों के लिए दोहरी नागरिकता प्रतिबंधित है, जबकि नौकरशाहों के लिए ऐसी रोक नहीं है।

## ऑफ बीट

# आहार में बड़े बदलाव से पहले डॉक्टर से लें सलाह



स्वस्थ आहार के बहुत से फायदे हैं लेकिन भोजन में किसी भी प्रकार का बदलाव बहुत सावधानी के साथ ही किया जाना चाहिए। यह बात विशेष रूप से तब सच है जब आप डॉक्टर द्वारा बताई गई कोई दवा ले रहे होते हैं क्योंकि कई स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ उनके साथ मिलकर नकारात्मक प्रतिक्रिया दे सकते हैं। यहां कुछ सामान्य खाद्य पदार्थ और पेय पदार्थ की परस्पर क्रियाएं दी गई हैं जिनके बारे में आपको जानना चाहिए। अंगूर का रस शरीर में कुछ दवाओं को पचाने के लिए जिगर 'साइटोक्रोम पी450' नामक एंजाइम का उपयोग करता है। लेकिन अंगूर के रस में 'फ़्यूरानोकौमारिन' नामक रासायनिक मिश्रण होते हैं जो इन एंजाइम की क्रिया को अवरुद्ध कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो कुछ दवाएं शरीर में जमा हो सकती हैं। इसमें 'साइक्लोस्पोरिन' भी शामिल है। इस दवाई का उपयोग आमतौर पर अंग प्रत्यारोपण अस्वीकृति को रोकने और रुमेटिक गठिया और सोरायसिस जैसी त्वचा संबंधी स्थितियों के लक्षणों का प्रबंधन करने के लिए किया जाता है। 'साइक्लोस्पोरिन' के अधिक मात्रा में शरीर में जमा होने से दुष्प्रभाव हो सकते हैं, जिनमें हल्की मतली और उल्टी से लेकर गुर्दे और यकृत की क्षति तक शामिल है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।



# सोनू सूद के फैंस ने तोड़ा राम चरण का रिकॉर्ड...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवी 'फतेह' को लेकर खबरों में बने हुए हैं। सोनू की ये फिल्म दो दिनों बाद यानी 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इसी बीच अब सोनू सूद के स्टूडेंट्स फैंस ने एक नया रिकॉर्ड बना दिया है, जिसे देखकर खुद एक्टर भी हैरान रह जाएंगे। 500 स्टूडेंट सोनू की अपकमिंग मूवी 'फतेह' के 390 फीट का कटआउट लेकर मैदान में वॉक किया। इस पोस्ट के जरिए स्टूडेंट्स ने सोनू के प्रति अपने प्यार और सम्मान को जाहिर किया। इससे पहले दिसंबर, 2024 में साउथ एक्टर राम चरण का भी एक कटआउट फैंस ने बनाया था जो 256 फीट का था।

लाइफ Style

# वामिका

## जी-2 में अदिवी-इमरान के साथ जमेगी जोड़ी

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन के साथ फिल्म बेबी जॉन में अभिनय के बाद अब वामिका गब्बी जी-2 में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग यूरोप में पूरी हो चुकी है। इस फिल्म में वामिका के साथ अदिवि शेष और इमरान हाशमी नजर आएंगे।

अभिनेत्री वामिका गब्बी, जिन्हें हाल ही में वरुण धवन के साथ एक्शन फिल्म बेबी जॉन में देखा गया था, वह अब विनय कुमार सिरिगिनीदी द्वारा निर्देशित आगामी जासूसी थ्रिलर जी2 में नजर आएंगी। फिल्म 'G2'अदिवी द्वारा लिखित और अभिनीत 2018 की हिट जासूसी थ्रिलर 'गुडाचारी' का सीक्वल है। वामिका जासूसी थ्रिलर फ्रैंचाइजी की इस अगली किस्त में इमरान हाशमी और अदिवि शेष के साथ नजर आएंगी। वामिका गब्बी ने फिल्म जी2 में अपनी उपस्थिति को जताते हुए इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। इस पोस्ट में वामिका और अदिवी नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'स्पाई, एक्शन एडवेंचर जी2...अपनी अगली फिल्म की जानकारी शेयर करते हुए मैं बेहद खुश और उत्साहित हूं। मैं अब बेहतरीन को-एक्टर अदिवी सेश के साथ काम करने वाली हूं...इमरान सर से भी होगी सेट पर मुलाकात...'। वामिका को प्राइम वीडियो सीरीज 'जुबली', नेटफ्लिक्स फिल्म 'खुफिया' और सोनीलिव सीरीज 'चार्ली चोपड़ा एंड द मिस्ट्री ऑफ सोलंग वैली' में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। बहरहाल, वामिका ने वरुण धवन और कीर्ति सुरेश की फिल्म बेबी जॉन की रिलीज के दौरान जमकर सुर्खियां बटोरी थीं।



हॉलीवुड मसाला



# ट्रोल हुए रैपर ओजी 2 लो

**लॉस एंजिल्स।** वायरल वीडियो में होस्ट माइक डी और ओजी 2 लो रैपर के करियर के बारे में बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं, जब रैपर ने लापरवाही से अपना हाथ अपनी जेब में डाल लिया, तभी उनकी पिस्तौल से गलती से गोली चल गई और वीडियो में उनकी जेब के पास विस्फोट देखा जा सकता है। सेट पर मौजूद लोग दंग रह गए और उन्होंने पूछा कि क्या रैपर ठीक है। जैसे ही वीडियो ऑनलाइन वायरल हुआ तो एक ओर लोगों ने रैपर की खूब आलोचना की।



# ' स्क्विड गेम 2' में हो गई गलती से मिस्टेक

**लॉस एंजिल्स।** 'स्क्विड गेम सीजन 2' के 7वें एपिसोड में मेकर्स से एक ब्लंडर हो गया है। दर्शकों ने अपनी पारखी नजरों से देखा कि क्लाइमैक्स सीन में जहां पर प्लेयर्स और सोल्जर के बीच गोलीबारी हो रही है, वहां पर एक कैमरामैन भी दिख रहा है। वायरल वीडियो 7वें एपिसोड का है। इसमें जब कुछ प्लेयर्स सोल्जर पर धावा बोल देते हैं, उनकी गन छीनकर उनपर ही गोलियां बरसाने लगते हैं, तब इस सीन को शूट कर रहा एक कैमरामैन भी शो में साफ-साफ दिख रहा है। लोगों की नजर जैसे ही इस पर पड़ी, उन्होंने क्लिप को ट्विटर पर वायरल कर दिया। इस वीडियो को शेयर करते हुए एक ट्विटर यूजर ने कैप्शन में लिखा है, 'एक कैमरामैन को एपिसोड के बीच में बैकग्राउंड में देखे जाने के बाद 'स्क्विड गेम' टीम से किसी को निकाला जा रहा है।'



# नेगेटिव रोल में छा गई सुप्रिया...

**नई दिल्ली।** सुप्रिया पाठक ने थिएटर, टीवी सीरियल और फिल्मों में हर तरह के किरदार निभाए हैं। वह दर्शकों पर अपने अभिनय की गहरी छाप छोड़ने में कामयाब रही हैं। सुप्रिया पाठक के निभाए कुछ किरदार दर्शकों के मन में बस गए हैं। सुप्रिया पाठक को फिल्मों में निभाए गए किरदारों के लिए खूब तारीफ, अवॉर्ड्स मिले। मगर एक किरदार उनकी पहचान बन गया है। यह किरदार है हंसा का, कॉमिक सीरियल 'खिचड़ी'में उन्होंने यह किरदार निभाया। आज भी दर्शक सुप्रिया को इसी नाम से पुकारते हैं। वहीं साल 2013 में रिलीज हुई संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' में दीपिका पादुकोण के किरदार की मां धनकोर बा का किरदार निभाया। फिल्म में यह एक नेगेटिव कैरेक्टर था। इस किरदार के जरिए सुप्रिया दर्शकों को हैरान करने में कामयाब रहीं।



# 'ब्लैक' का तुर्की भाषा में बन चुका है रीमेक

**मुंबई।** 4 फरवरी 2005 में रिलीज हुई अमिताभ बच्चन और रानी मुखर्जी की फिल्म ब्लैक का रीमेक तुर्की में बनाया जा चुका है। इसका नाम बेनीम दुनयम रखा गया। उगुर युसेल द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2013 में रिलीज हुई थी, जो वैश्विक सिनेमा पर संजय लीला भंसाली के प्रभाव को दर्शाती है। ब्लैक, एक बहरी-अंधी महिला मिशेल ( रानी मुखर्जी ) और उसके अपने शिक्षक देबराज (अमिताभ बच्चन) के साथ उसके रिश्ते की कहानी को दर्शाती है, जो एक बुजुर्ग शराबी है, जिसे बाद में अल्जाइमर रोग हो जाता है। इस फिल्म को रिलीज के बाद आलोचकों से भी सराहना मिली थी। इस फिल्म ने कई पुरस्कार जीते, जिनमें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार, हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म पुरस्कार और 53वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ कॉस्ट्यूम डिजाइन पुरस्कार शामिल हैं।

टीवी मसाला




# छह साल बाद लौटे सीआईडी को मिला दर्शकों का प्यार...

**नई दिल्ली।** करीब छह साल बाद 'सीआईडी' शो ने वापसी की है। वापसी भी दमदार हुई है। टीआरपी के मामले में 'सीआईडी' छा गया है और पहले ही हफ्ते इसने अमिताभ बच्चन के लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' को पीछे छोड़ दिया है। करीब छह साल बाद 'सीआईडी' 21 दिसंबर को शुरू हुआ है। बीते साल के 52वें हफ्ते की टीआरपी सूची में इसने 'केबीसी' को काफी पीछे छोड़ते हुए अपनी जगह सुरक्षित की है। साल 2024 के आखिरी हफ्ते के सबसे लोकप्रिय 25 धारावाहिकों की टीआरपी लिस्ट में सामने आया है कि 'सीआईडी' शो ने कई मशहूर टीवी शोज को पीछे छोड़ दिया। इस लिस्ट में केबीसी भी शामिल है। इसके अलावा सारेगामापा, जमाई नंबर 1, पुष्पा इम्पॉसिबल, तेनाली रामा, इंडियन आइडल, भाग्यलक्ष्मी जैसे शो भी शामिल हैं। यह लिस्ट 15 साल से 50 साल के लोगों के बीच ए, बी और सी श्रेणी के शहरों में प्रसारित होने वाले शोज की है। 'सीआईडी' शुरू से ही दर्शकों के बीच पसंदीदा शो रहा है। यह शो साल 1998 में शुरू हुआ। 21 साल सफलतापूर्व प्रसारित होने के बाद साल 2018 में यह शो बंद हो गया था। फिर छह साल के अंतराल के बाद बीते वर्ष दिसंबर में फिर इसने वापसी की है। पहले ही हफ्ते इसने करिश्मा दिखा दिया है। देखना दिलचस्प होगा कि आगे भी यह निरतंरता बनी रहती है या नहीं! सीआईडी हर शनिवार और रविवार रात 10 बजे सोनी टीवी पर प्रसारित होता है।

## बिग बॉस के घर में टूटे समीकरण

**नई दिल्ली।** बिग बॉस के घर में जैसे ही फिनाले एपिसोड पास आ रहा है, घर के समीकरण भी बदलते नजर आ रहे हैं। शो के हालिया एपिसोड में शिल्पा शिरोडकर और करणवीर मेहरा के बीच हुई लड़ाई साफ नजर आ रही है। इसमें करणवीर अपने दोस्ती को लेकर शिल्पा शिरोडकर से बात



कर रहे हैं। करणवीर मेहरा शिल्पा शिरोडकर से कहते हैं कि आपको शर्म आ रही है। पूरी दुनिया मुझसे आकर कह गई, ये ऐसा कर रही हैं, ये वैसा कर रही हैं। मैंने कहा कि मैं अपनी दोस्ती को मौका दे रहा हूं। अपने दोस्त पर ध्यान दे रहा हूं। मैं 50 दिन करण को दे रही हूं, उस बात के लिए तीन दिन से विवियन को सॉरी बोल रही हूं। मैं क्लियर हो गया हूं किसी को अपने आप को फॉर ग्रांटेड नहीं लेने दूंगा लेकिन ये डामा डोल वाली फ्रैंडशिप नहीं चाहिए। करण की बात सुनकर शिल्पा काफी रोने लग जाती हैं। इससे पहले घर में नॉमिनेशन टास्क को लेकर कुछ उठा पटक देखने को मिली थी। फिनाले के इतने पास आकर जो सदस्य नॉमिनेट हुए वे रजत दलाल, चाहत पांडे और श्रुतिका अर्जुन हैं।

# ये हैं ऋतिक रोशन की आने वाली फिल्में...



**मुंबई।** साल 2025 में ऋतिक रोशन की दो फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। इसके साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर उनकी डॉक्यू सीरीज भी स्ट्रीम करने वाली है। इतना ही नहीं, साल 2025 में ऋतिक अपनी ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी 'कृष' के चौथे पार्ट की शूटिंग भी शुरू करने वाले हैं। ऋतिक रोशन की फिल्म 'वॉर 2' 14 अगस्त के दिन सिनेमाघरों दस्तक देगी। साल 2025 की गर्मियों में 'कृष 4' की शूटिंग शुरू करेंगे। 'अल्फा' में ऋतिक रोशन का दमदार कैमियो होगा। इन फिल्मों के अलावा ऋतिक नेटफ्लिक्स की डॉक्यू-सीरीज 'द रोशन्स' में भी नजर आएंगे। ये डॉक्यू-सीरीज 17 जनवरी के दिन ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है।

# एक्शन-थ्रिलर से भरपूर होगा जनवरी का दूसरा सप्ताह ओटीटी पर रिलीज होंगी ये दमदार फिल्में-सीरीज...

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह नेटफ्लिक्स, प्राइम, हॉटस्टार और अन्य पर क्या नया है, यह जानने के लिए आप भी उत्सुक हैं? चलिए आपकी इस उत्सुकता पर विराम लगाते हैं और बताते हैं आपको इस सप्ताह के बीच आने वाली सभी बेहतरीन ओटीटी रिलीज के बारे में। नए साल का दूसरा हफ्ता भी धमाकेदार साबित होने वाला है।

***द साबरमती रिपोर्ट*** : फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' की कहानी 27 फरवरी, 2002 की सुबह गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस में हुई वास्तविक घटना पर केंद्रित है। फिल्म में विक्रांत मैसी, राशि खन्ना, ऋद्धि डोगरा, बरखा सिंह और नाजनीन पाटनी मुख्य भूमिकाओं में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, द साबरमती रिपोर्ट 10 जनवरी को जी5 पर रिलीज होगी।

***ब्लैक वारंट*** : 'ब्लैक वारंट' कहानी एक जेल अधिकारी की है, जो दिल्ली की तिहाड़ जेल में पैदा हो रही व्यवस्थागत समस्याओं को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। फिल्म में जहान कपूर, राहुल भट, परमवीर चीमा, अनुराग ठाकुर और राजश्री देशपांडे अहम भूमिका में हैं। ब्लैक वारंट 10 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



***शार्क टैंक इंडिया सीजन 4*** : लोकप्रिय शो 'शार्क टैंक इंडिया' एक और सीजन के साथ वापस आ गया है, जिसमें शार्क अमन गुप्ता, अनुपम मित्तल, नमिता थापर, विनीता सिंह और पीयूष बंसल शामिल होंगे। इसमें नए जज कुणाल बहल, स्नैपडील और टाइटन कैपिटल के सह-संस्थापक और वीबा/वीआरबी कंज्यूमर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक विराज बहल भी शामिल हैं। 'शार्क टैंक इंडिया सीजन 4' 6 जनवरी को सोनी लिव पर स्ट्रीम होगा।

### एमटीवी रोडीज XX

एमटीवी रोडीज के इस सीजन में गैंग लीडर नेहा धूपिया, रिया चक्रवर्ती, प्रिंस नरूला और एल्विश यादव नजर आएंगे। एमटीवी रोडीज **XX** का प्रीमियर 11 जनवरी 2025 से एमटीवी पर होगा। यह जियो सिनेमा पर भी स्ट्रीम होगा।

### द ब्रेकथ्रू

'द ब्रेकथ्रू' की कहानी स्वीडन में दूसरी सबसे बड़ी हत्या की जांच के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां एक चौंकाने वाला दोहरा हत्याकांड 16 साल तक अनसुलझा रहा। एक जासूस और एक वंशावली विशेषज्ञ की टीम मामले को सुलझाने के मिशन पर है। इसमें पीटर एगर्स और मैटियास नॉर्डक्विस्ट मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'द ब्रेकथ्रू' 7 जनवरी, 2025 को नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगी।

## 97वें ऑस्कर अवॉर्ड के लिए 323 फिल्मों का आया है नाम

# ऑस्कर 2025 की रेस में सूर्या-बॉबी की 'कंगुवा' की एंट्री से लोग हैरान!

**मुंबई।** साल 2024 की तमिल फिल्म 'कंगुवा' ओटीटी पर रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर असफल रही थी। लेकिन, अब ऑस्कर 2025 की टॉप कंटेंडर में से एक बनकर उभरी है। इसे 323 फिल्मों की रिमाइंडर लिस्ट में शामिल किया गया है जिसमें 6 भारतीय फिल्में भी हैं। साल 2024 में रिलीज हुई तमिल सुपरस्टार सूर्या और बॉबी देओल स्टारर फिल्म 'कंगुवा' फैंस ने बेसब्री से इंतजार किया था। वह रिलीज हुई तो बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक ही परफॉर्म कर सकी थी। 350 करोड़ के बजट में बनी इस मूवी ने 106 करोड़ रुपए ही कमाए थे। इतना ही नहीं, रिलीज के एक महीने के अंदर ये ओटीटी पर आ गई थी। बावजूद इसके अब खबर है कि वह ऑस्कर 2025 की टॉप कंटेंडर बन गई है।

*मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'कंगुवा' डिजास्टर साबित हुई थी। लेकिन अब वह शुचि तलाटी की 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' (2024) और पायल कपाड़िया की 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' (2024) के साथ कम्पीट कर रही है। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने बताया है कि 97वें ऑस्कर अवॉर्ड के लिए 323 फिल्मों का नाम आया है। इसमें से 207 बेस्ट फिल्म की कैटेगरी में हैं। और उसमें 6 भारतीय फिल्में हैं।*



### ऑस्कर 2025 में भेजी गईं 6 भारतीय फिल्में

एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज के मुताबिक, 'कंगुवा' (तमिल), 'आदुजीविथमः द गोट लाइफ' (हिंदी), 'संतोष' (हिंदी), 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' (हिंदी), 'ऑल वी इमेजिन एज़ लाइट' (मलयालम-हिंदी) और 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' (हिंदी-अंग्रेजी) जैसी फिल्में लिस्टे में शामिल हैं। अब इस खबर से फैंस खुश हैं। लेकिन, कुछ ये सोचने पर मजबूर हैं और जानना चाहते हैं कि बॉक्स ऑफिस पर फुस्स हुई 'कंगुवा' इस लिस्ट में क्यों शुमार है।




### *रिमाइंडर लिस्ट में भेजी गई हैं फिल्में*

*बता दें कि ये एक रिमाइंडर लिस्ट है। ये फिल्में शॉर्टलिस्ट नहीं हुई हैं। रिमाइंडर लिस्ट यह दिखाती है कि ऑस्कर अवॉर्ड में शॉर्टलिस्ट होने के लिए कौन-कौनी सी फिल्में रजिस्टर हुई थीं। इसके बाद वोटिंग होगी और फिर तय होगा कि इस लिस्ट में शामिल फिल्मों को शॉर्टलिस्ट करना है या नहीं। ऐसे में ये 6 भारतीय फिल्में अभी मेकर्स की तरफ से ऑस्कर के लिए भेजी गई हैं। अब ये एकेडमी के ऊपर है कि वह इसे सेलेक्ट करते हैं या नहीं।*

## जैकेट के शेष

### तीन साल पहले ....

ब्लास्ट कर उड़ा दिया। बताया जा रहा है कि जवानों के काफिले में 9 गाड़ियां थीं। लगभग 200 मीटर दूर पेड़ के पीछे से विस्फोट कर नक्सलियों ने काफिले में शामिल 8 वीं गाड़ी को निशाना बनाया। ब्लास्ट में डीआरजी व बस्तर फायटर के 8 जवान व वाहन का चालक शहीद हो गए। सूत्रों के मुताबिक तीन साल पहले सड़क निर्माण के दौरान नक्सलियों ने कुटरू मार्ग पर आईईडी लगा रखी थी। राज्य निर्माण के बाद 24 साल में नक्सलियों ने 1200 के करीब बम धमाके किए हैं। वहीं आईईडी विस्फोट और मुठभेड़ में अब तक 1300 से अधिक जवान शहीद हो चुके हैं। यह वही इलाका है, जहां से सलवा जुडूम की शुरूआत हुई थी। जानकारी के मुताबिक सोमवार को घटनास्थल अबेली के जंगलों में सुबह से नक्सली घात लगाए हुए थे। इस बीच माड़ में 72 घंटे तक चलाए गए ऑपरेशन में नक्सलियों को ढेर कर डीआरजी के जवान बीजापुर के बेदरे इलाके से इंद्रावती नदी पार कर स्कॉर्पियो वाहन से दंतेवाड़ा लौट रहे थे। तभी ब्लास्ट किया गया।

**आईईडी को बनाया मुख्य हथियार :** पुलिस व नक्सलियों के बीच जब भी आमने सामने की लड़ाई हुई है, उसमें फोर्स के जवानों से लगातार नक्सलियों ने मात खाई है। जिसके बाद नक्सलियों ने अपनी रणनीति को बदलते हुए अपने पुराने तरीके का उपयोग करते हुए एक बार फिर से आईईडी विस्फोट को अपना मुख्य हथियार बनाया और इसमें वह पूर्व की तरह कामयाब रहे। इस बार भी नक्सलियों ने पुरानी रणनीति के तहत आईईडी ब्लास्ट किया नक्सलियों ने जिस वाहन को विस्फोट से उड़ाया। आईईडी नक्सलियों का मुख्य हथियार है, जो हमेशा कारगर साबित नहीं होते है। इसी का फायदा नक्सली उठा रहे हैं और ताक पर बैठे नक्सली जवानों की ओर से होने वाली छोटी सी चूक का अपने तरीके से भरपूर इस्तेमाल कर कामयाब होते रहे हैं। नक्सलियों ने इस बार भी कमांड आईईडी के जरिए इस घटना को अंजाम दिया है। सोमवार को निकाले गए इलेक्ट्रिक तार के निशान घटनास्थल के आसपास स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रहे हैं। वहीं एक बड़ा पेड़ यह बता रहा है कि इस वृक्ष की आड़ लेकर नक्सलियों ने आईईडी के जरिए विस्फोट किया है, जिससे फोर्स को नुकसान पहुंचा है।

**मौके पर पहुंचे अधिकारी व फॉरेंसिक टीम :** विस्फोट के बाद बड़े अधिकारियों के अलावा फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने सड़क पर बने गड्ढे को देखने के बाद यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम देने के लिए 50 किलो से ज्यादा बारूद प्लांट किया था। जिस जगह को नक्सलियों ने विस्फोट के लिए चुना था, वहां सीमेंट क्रांकीट की सड़क थी, जिसमें अब जगह-जगह दरारें आ चुकी है।

### शहीद जवान का शव ...

जांगला का बुधराम कोरसा और बांगापाल थाना के करकाबाड़ा का वामन सोढ़ी का शव जब गांव पहुंचा तो माहौल काफी गमगीन था। विधायक विक्रम शाह मंडावी भी गांव पहुंचकर शहीद जवान के शव को कंधा देकर अंत्येष्टि में शामिल हुए। यहां शहीद जवान को सलामी दी गई। विधायक तथा उपस्थित प्रमुख लोगों ने शोक संतप्त परिजनों को ढाढस बंधाया।

### सीआरपीएफ के डीजी ....

मुआयना कर अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान सीआरपीएफ डीजी वितुल कुमार ने देखा कहां चूक हुई और नक्सलियों ने कितना लंबा वायर लगाकर घटना को अंजाम दिया। उन्होंने सारी चीजों का मुआयना किया। इस दौरान बस्तर आईजी पी सुंदरराज, डीआईजी कमलोचन कश्यप, एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव समेत जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### मोबाइल कनेक्टिविटी नहीं ....

किया। इस घटना को हुए 30 घंटे से अधिक हो गया है, लेकिन अभी भी घटनास्थल की हवा में बारूद की गंध आ रही है। घटनास्थल में अभी भी जगह-जगह वाहन के पार्ट्स बिखरे हुए हैं, शहीद जवानों के शरीर के अवशेष अब भी पड़े हुए हैं।

### शहीद जवानों के ....

में 2 बीजापुर जिले के और 6 दंतेवाड़ा जिले के रहने वाले थे। इसलिए आज कारली में सभी शहीद जवानों के परिजन आए हुए थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी भावुक हो गए, यहां का दृश्य काफी मार्मिक था। लगभग सभी शहीद जवान आदिवासी थे, इसलिए उनकी पत्नियां और अन्य परिजन अपनी जीवन शैली के अनुरूप विलाप कर रहीं थीं। छोटे-छोटे मासूम बच्चे सहमे हुए थे। श्रद्धांजलि देने पहुंचे लोगों में मुख्यमंत्री के अलावा उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री एवं प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक चैतराम अटामी तथा विक्रम मण्डावी, पूर्व सांसद दीपक बैज, पूर्व विधायक देवती कर्मा सहित डीजीपी अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, एडीजीपी विवेकानंद सिन्हा, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप एवं अमित काम्बले, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय सहित पुलिस एवं सीआरपीएफ के अधिकारी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शहीद जवानों एवं वाहन चालक के पार्थिव शव पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। **शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया :** इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने शहीद जवानों के शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया और संवेदना व्यक्त की। इस दौरान इन्होंने शहीद जवान बामन सोढ़ी के पार्थिव शरीर को कंधा देकर गृह ग्राम के लिए रवाना किया। साथ ही अन्य शहीद जवानों एवं वाहन चालक के पार्थिव शव को उनके गृह ग्राम भेजा गया।

### मां की इच्छा ....

बाद आरक्षक के पद पर नियुक्ति हुई थी। दो साल बाद 6 जनवरी को माड़ से लौटते वक्त सुबरनाथ शहीद हो गया।

### बेटे का जन्मदिन मनाने ....

रहता था, कभी-कभी गांव जाता था। सोमडु वेट्टी का 8 माह का बेटा है। पत्नी रामदेई ने बिलखते हुए बताया कि बेटे के पैदा होने के बाद नामकरण का कार्यक्रम भी नहीं हुआ है। पति माड़ से लौटकर गांव में बेटे के जन्म पर बड़ा आयोजन करने को बोला था, लेकिन उसकी यह इच्छा अधूरी रह गई। मेरा सुहाग उजड़ गया और मासूम बच्चा अनाथ हो गया। इस दौरान नवजात और अभागिन पत्नी को देखकर मौजूद लोग भी अपने आंसू रोक नहीं पा रहे थे। लोग कहते रहे छोटी उम्र में विधवा हो गई। अब इसे अपने मासूम बच्चे के साथ पहाड़ जैसी जिंदगी गुजारनी पड़ेगी।

### 124 नगर पंचायतों ....

लिए रिजर्व हुई है। 20 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए हैं। 20 में से 7 जगहों पर महिला चुनाव लड़ेंगी। ओबीसी के लिए 26 सीटें आरक्षित हैं, जिनमें से 9 सीटों को महिलाओं के लिए रिजर्व किया गया है। 62 सीट सामान्य के लिए है इसमें से 20 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित है।

### पुरुष दावेदारों के ....

सुभाष तिवारी, मृत्युंजय दुबे सहित कई दावेदार थे। यहां की सीट सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित होने के बाद वे इस पद के लिए चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

### धरती डोली ....

क्षेत्रीय आपदा राहत मुख्यालय के अनुसार, मंगलवार को सुबह नौ बजकर पांच मिनट (चीन के समयानुसार) पर तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर की डिंगरी काउंटी में भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 7.1 बताई है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, भूकंप के कारण मंगलवार को अपराह्न तीन बजे तक (स्थानीय समयानुसार) 95 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और 130 अन्य घायल हुए हैं।

### एआई कैमरे और ....

से लेकर वाटर एंबुलेंस तक, प्रशासन दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम के दौरान तीर्थयात्रियों के अनुभव को बढ़ाने, भीड़ का प्रबंधन करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। भक्तों की सुरक्षा, सुविधा और भीड़ प्रबंधन के लिए इस बार अत्याधुनिक तकनीकों और उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रशासन ने बेहतर भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिए एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से लैस कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा, ड्रोन, एंटी-ड्रोन और टेथर्ड ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जाएगा। ये उपकरण हर पल की निगरानी सुनिश्चित करेंगे और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने में मदद करेंगे। कुंभ मेले के दौरान यात्रा करने वाले भक्तों की सुविधा के लिए सेंट्रल रेलवे ने कर्मचारियों के लिए फ्लोरोसेंट वॉल जैकेट उपलब्ध कराई है। वहीं किनारे इमरजेंसी के लिए रिमोट-कंट्रोल लाइफबॉय लगाए जाएंगे।

### 9-ए कोटला रोड होगा ....

खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इस विशेष अवसर पर उपस्थित रहेंगे। संक्रांत की शुभ बेला में सुबह 10 बजे भव्य समारोह निर्धारित है। नये इमारत में कामकाज की शुरूआत दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले किया जाना प्रस्तावित था, लेकिन चुनाव की घोषणा के बाद फिलहाल ऐसा संभव नहीं हो सकेगा, लेकिन बैठकों का सिलसिला जरूर नये भवन में शुरू किया जा सकेगा। फाइल, कागजातों के आने में समय लगेगा।

## अपराध करके विदेश भागे भगौड़ों को पकड़ने का बनेगा मजबूत माध्यम

# इंटरपोल के जैसा भारतपोल... गृहमंत्री शाह ने किया नए पोर्टल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सीबीआई द्वारा विकसित 'भारत पोल' पोर्टल का शुभारंभ किया। क्राइम करके दूसरे देश में पनाह लेने वालों की अब खैर नहीं। पलक झपकते ही एक क्लिक में भारत वांछित अपराधियों का 'रोजनामचा' देश, विदेश में शेयर कर सकेंगे। जिससे अपराधियों की धड़पकड़ कर अपेक्षाकृत आसान हो जायेगी। माना जा रहा है 'भारत पोल' इंटरनेशनल इन्वेस्टिगेशन में मील का पत्थर साबित होगा। भारत एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। तीन आपराधिक कानूनों में जुड़े ' ट्रायल इन अबनेशिया' के माध्यम से अपराध कर विदेश भागे भगौड़ों की अनुपस्थिति में केस चला कर उन्हें सजा दी जा सकेगी 'भारतपोल' जांच एजेंसियों और सभी राज्यों की पुलिस को 195 देशों के इंटरपोल नेटवर्क से जोड़कर अपराध नियंत्रण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ड्रग्स, हथियार और मानव तस्करी या



## छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस अमित कुमार सम्मानित

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस अमित कुमार समेत 35 सीबीआई अधिकारियों को पुलिस पदक भी प्रदान किए, जिन्हें विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और जांच में उत्कृष्टता के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया गया।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 'झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना' के राज्यस्तरीय समारोह में महिलाओं को दी बड़ी सौगात



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रांची के नामकुम स्थित ट्रेनिंग ग्राउंड में आयोजित झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय समारोह में 56 लाख 61 हजार 791 लाभुक महिलाओं के बैंक खातों में कुल 1415 करोड़ 44 लाख 77 हजार रुपये डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से हस्तांतरित किए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर योजना के तहत बढ़ी हुई सम्मान राशि, 2500 रुपये प्रति माह देने की अपनी वचनबद्धता को पूरा किया और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्यमंत्री ने कहा, मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के माध्यम से एक ऐसी व्यवस्था बनाई गई है, जिसमें महिलाएं अपनी पूरी क्षमता के साथ राज्य के विकास में योगदान दे सकती हैं। इस योजना के जरिए महिलाएं ना केवल अपनी जरूरतें पूरी कर सकती हैं, बल्कि अपनी आमदनी भी बढ़ा सकती हैं।


**Raipur Smart City Limited**
Registered Office: Floor 4, 5 & 6, City Kotwali Police Station, Chhotapara Road, Chhotapara, Raipur, Chhattisgarh 492001
CIN: U74999CT2016SGC007534 GST No-22AAHCR9329P1ZR

क्रमांक : 23178 / स्मार्ट सिटी /25 रायपुर, दिनांक : 07/01/2025

-:: General Manager (Communication) के पद हेतु आवेदन समय सीमा बाबत ::-

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड़ में General Manager (Communication) के पद हेतु कार्यालयीन पत्र क्र. 23006/ स्मार्ट सिटी / 24 रायपुर दिनांक 24/12/24 के माध्यम से विज्ञापन जारी किया गया था, जिसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 30/12/24 समय 03:30 PM बजे तक थी।

इस विज्ञापन में आवेदन करने की window पुनः खोली जाती है। इच्छुक अभ्यर्थी **दिनांक 09/01/2025 समय 5:30 PM तक** आवेदन कर सकते है। समय सीमा उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा।

मूल विज्ञापन हेतु कार्यालयीन वेबसाइट (https://smartcityraipur.cgstate.gov.in/recruitments) का अवलोकन करें।

**प्रबंध संचालक**
**रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
फोन- 07721-233326, Email-npalika_tilda@yahoo.in

क्रमांक/1044/लो.नि.वि./न.पा./2024-25 तिल्दा-नेवरा, दिनांक 07/01/2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा क्षेत्रान्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन-शहरी अंतर्गत अकांक्षीय शौचालय 10 सीटर निर्माण कार्य हेतु निविदा प्रपत्र फार्म एफ में लमसम दर पर ऑनलाईन सिस्टम टेंडर क्रमांक 163994 में ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/ से डाउनलोड की जा सकती है।

**टेन्डर निरस्त सूचना :-** कार्यालय द्वारा जारी दिनांक 06/01/2025, सिस्टम टेन्डर क्र. 163921 को डेट सेटिंग में लिपिकीय त्रुटी होने के कारण निरस्त किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**



**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला - रायपुर (छ.ग )**

क्रमांक/4579/न.पा.नि./लो.नि.वि./2024-25 बीरगांव, दिनांक 03/01/2025

**मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम बीरगांव क्षेत्रान्तर्गत विधायक निधि, पार्षद निधि एवं स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत विभिन्न स्थानों में भवन एवं रंगमंच सी.सी. रोड, आर.सी.सी. नाली एवं सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय मरम्मत / संधारण एवं निर्माण कार्य (17 कार्य) के लिए छत्तीसगढ़ के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "ए" में छत्तीसगढ़ के पी.डब्लू. डी. भवन / एवं इलेक्ट्रीकल एस. ओ. आर 2020 (निविदा तिथि तक संशोधित) अनुसार प्रतिशत दर पर कार्य संपादन हेतु दिनांक 24.01.2025 ( आवेदन करने की अंतिम तिथि ) तक मैनुअल (तीन लिफाफा पद्धति द्वारा) निविदा आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्यो का निर्धारित अनुमानित लागत, अमानत राशि, निविदा की शर्तें, निविदा दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com व संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.inमें भी डाउनलोड / प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय तहसीलदार धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ /तह./वा./2024
धमतरी दिनांक 19/12/2024
----000----

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम धमतरी तह. व जिला धमतरी को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अनुसुईया पति प्रभुराम साहू निवासी औद्योगिक वार्ड धमतरी द्वारा नया साहूकारी लाइसेंस जारी किये हेतु आधार कार्ड, 03 वर्ष का आयकर रिटर्न, शपथ पत्र, जमीन का दस्तावेज, बी-1 नक्शा, खसरा संलग्न कर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर जांच हेतु राजस्व प्रकरण क्रमांक 202412130700064 वर्ष 2024-25 मद नया साहूकारी लायसेंस में पंजीबद्ध कर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म या निकाय आदि को कोई उजर दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत सुनवाई तिथि 22/01/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**धमतरी (छ.ग.)**



**NOTICE U/s 72 OF THE INDIAN PARTHERSHIP ACT, 1932**

Notice is hereby given to all concern that "M/s KUNDA INDANE GRAMIN VITRAK (Written Partnership Dated-01.03.2023 having Regn. No - 222202335983) having its office at Near High School, Kawardha Mungeli Main Road, Village-Kunda, Tehsil- Panadaria, Distt. Kabirdham-491559 (C.G) has undergone the following changes: - Shri Jitendra kumar Chandrakar S/o Shri Rameshwar Prasad Chandrakar, resident of House No.-56, Ward-5, Rapa Village, Rapa Dist.-Kawardha (C.G.) 491559 has joined the firm as partner w.e.f. 07/01/2025. Smt Deepmala Chandrakar W/o Shri Rajesh Kumar Chandrakar, resident of House No.-56, Ward-5, Rapa Village, Rapa Dist.-Kabirdham (C.G.)-491559 Retires on 07/01/2024 and ceased to be a partner w.e.f 07/01/2025. Total partners in the firm after such changes is 2. Following are the details of partners: (1) Shri. Rajesh Kumar Chandrakar S/o Shri Late Gyanik Lal Chandrakar aged about 51 years, House No.-56, Ward-5, Rapa Village, Rapa Dist.- Kabirdham (C.G.)-491559 (2) Shri Jitendra Kumar Chandrakar S/o Shri Rameshwar Prasad Chandrakar, resident of House No.-56, Ward-5, Rapa Village, Rapa Dist.- Kabirdham (C.G.)- 491559
For, M/s Kunda Indane Gramin Vitrak,
PLACE: KAWARDHA (C.G.)
DATED: 07/01/2025
**(Rajesh Kumar Chandrakar)**
**PARTNER**


## पेज एक के शेष

### एचएमपीवी सालों पुराना...

जाता है। इससे डरने की जरूरत नहीं है और ना किसी तरह की विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर मणिन्द्र अग्रवाल ने कहा, रिसर्च पैनिक स्थिति पर होता है, यह वायरस उस लायक नहीं है। ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस या एचएमपीवी के बारे में बेहद चर्चा हो रही है। आईसीएमआर इसके खतरनाक नहीं होने का पत्र जारी कर चुका है, मगर सोशल मीडिया के माध्यम से इसे काफी खतरनाक बताया जा रहा है। हरिभूमि ने प्रदेश के कई विशेषज्ञों से इस बारे में चर्चा की, तो उन्होंने बताया कि यह इंफ्लूएंजा संबंधित वायरस की श्रेणी का है और इसकी जानकारी पच्चीस साल पहले हो चुकी है। सर्दी-जुकाम जैसा सामान्य संक्रमण होने की वजह से इसकी पृथक जांच की आवश्यकता नहीं समझी गई है। यह वायरस 5 साल तक के बच्चे और 65 साल से अधिक उम्र के लोगों को बीमार करता है। यह उनके लिए जोखिम भरा हो सकता है, जो किसी तरह की पुरानी बीमारी से पीड़ित हों अथवा जिनके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो। सामान्यतः इसकी वजह से सर्दी-जुकाम, बुखार और ज्यादा से ज्यादा निमोनिया होने का जोखिम होता है। संक्रमण की वजह से होने वाली बीमारी तीन से पांच दिन रहती है। यह लक्षण के आधार पर दी जाने वाली दवा से ठीक हो जाता है। विशेषज्ञों का दावा है कि ठंड समाप्त होते ही इसका जोखिम भी खत्म हो जाएगा।

### दिल्ली के दंगल का...

कुमार ने कहा कि दिल्ली में कुल 1.55 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं और इनमें 83.49 लाख पुरुष तथा 71.74 लाख महिलाएं हैं। उन्होंने बताया कि युवा मतदाताओं (20 से 21 वर्ष के) की संख्या 28.89 लाख है जबकि पहली बार मतदान के पात्र युवाओं की संख्या 2.08 लाख है। कुमार ने बताया कि राजधानी के 2697 स्थानों पर कुल 13,033 मतदान केंद्र होंगे और इनमें से 210 मॉडल मतदान केंद्र होंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में विभिन्न कानून अनुपालन एजेंसियों के साथ व्यापक चर्चा की गई है जिसमें सुरक्षा से जुड़े आयाम भी शामिल हैं।

### छग पुलिस खरीद रही...

और सीआरपीएफ कैंप पर हमले करने सहित कई जगहों पर इस हथियार का इस्तेमाल कर रहे हैं। **नक्सली खुद के बनाए लांचर से कर रहे हैं हमले :** पुलिस के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार नक्सली भी बैरल ग्रेनेड लांचर का इस्तेमाल पुलिस और सुरक्षा बलों के खिलाफ कर रहे हैं। ये बीजीएल हथियार नक्सलियों ने स्थानीय स्तर पर खुद ही बनाए हैं। नक्सली कांकेर, नारायणपुर, बस्तर और बीजापुर से लगे अबूझमाड़ के जंगलों में नक्सली अपने कुछ कैंपों में अब देसी ग्रेनेड लॉन्चर का निर्माण करने लगे हैं। इस बात की पुष्टि सुरक्षाबलों के कैंपों पर पूर्व में नक्सल हमलों से हुई है। पुलिस को इस बात की जानकारी उस समय मिली जब जब नक्सल हमलों के बाद कुछ जगहों से मिस फायर हुए बैरल ग्रेनेड लांचर मिले। जिनकी मारक क्षमता लगभग 300 मीटर तक है और विस्फोट के बाद यह 10 से 15 मीटर के दायरे में मौजूद व्यक्ति की जान ले सकते हैं।


**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशों से यह आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि, श्रीमती फरीदा ज़मान ध.प. श्री एस. ज़मान के नाम पर भूमि मौजा- ग्राम- मोहल्ला सिविल स्टेशन रायपुर, स्थित फ्रीहोल्ड भूखंड नजूल शीट (ब्लाक)- 8/डी, भूखंड क्र.- 3/2 क्षेत्रफल/रकबा 21900 वर्गफीट खुली भूमि है एवं फ्रीहोल्ड भूखंड नजूल शीट (ब्लाक)-8/डी, भूखंड क्र.-3/1/1 क्षेत्रफल/रकबा 17914 वर्गफीट है जिस पर जर्जर मकान निर्मित है, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है। उपरोक्त वर्णित उक्त दोनों संपत्ति को मेरे पक्षकार द्वारा खरीदने का पक्का सौदा तय कर लिया गया हैं, तथा बतौर इकरारनामा कर ब्याना की राशि भी दिया जा चुका है, पंजीयन की कार्यवाही शेष है। उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पंजीकृत भूमिस्वामी के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है।

अतः इस ईश्तहार के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि, उक्त सौदे से जिस किसी भी व्यक्ति, निकाय, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्था को कोई उजर या दावा हो तो वह इस प्रकाशन के 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में संबंधित दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात् उक्त दावा आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा वह उक्त सम्पत्ति का रजिस्ट्री निष्पादन कराने स्वतंत्र होगा। सो सूचना जानें।
स्थान :- दुर्ग (छ.ग.)
दिनांक- 07/01/2025

**(यजुवेन्द्र सिंह), अधिवक्ता**
पता- जोन-2, सड़क-6/एफ, न्यू आदर्श नगर दुर्ग
मो.: 9893289595



**शपथ-पत्र**

मैं शपथकर्ती आयशा बेगम (Aysha Begum) पति पीर अली (Peer Ali) निवासी वार्ड नं. 02 हथबंद बिजली ऑफिस के पास तहसील - सिमगा, जिला-बलौदा बाजार छ.ग. की निवासी हूं। जो कि निम्नलिखित कथन प्रस्तुत करती हूँ:-

1 .यह कि मेरा नाम, पता व अन्य आवश्यक विवरण उपरोक्तानुसार सत्य व सहीं है।

2. यह कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 224142643975 में मेरा नाम ललिता दिवाकर (Lalita Divakar) पति पीर अली (Peer Ali) अंकित है। इसी प्रकार मेरे पति के नाम से जारी आधार कार्ड नं. 262099840664 में उसका नाम पीर अली (Peer Ali) अंकित है।

3. यह कि मैं ग्राम- हथबंद वार्ड नं. 02 हथबंद बिजली ऑफिस के पास तहसील सिमगा, जिला-बलौदा बाजार छ. ग में मेरे विवाह से पूर्व के दस्तावेजों में मेरा नाम ललिता दिवाकर (Lalita Divakar) पति पीर अली (Peer Ali) अंकित है।

4. यह कि मेरे सही व वास्तविक नाम विवाह के बाद आयशा बेगम (Aysha Begum) पति पीर अली (Peer Ali) के नाम से गजट प्रकाशन करवाने इसी आधार पर मेरे विवाह प्रमाण पत्र दस्तावेजों एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित करवाने बाबत आवश्यक दस्तावेज श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

5. उक्त तथ्यों के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है जो की सही एवं सत्य है।

**शपथकर्ती**

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ती आयशा बेगम निवासी वार्ड नं. 02 हथबंद बिजली ऑफिस के पास तहसील-सिमगा, जिला-बलौदा बाजार छ.ग. की निवासी हूं। यह सत्यापित करती हूँ कि उल्लेखित कण्डिका 01 से 05 तक दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है। किसी भी तथ्य को मेरे द्वारा छिपाया नहीं है। अतः आज दिनांक 30/12/2024 को स्थान तिल्दा-नेवरा में अपना हस्ताक्षर कर दिया है।

**आयशा**
**शपथकर्ती**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।**

**अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/KHUNTI/05/2024-25**
**2nd Call**
PR. No.- 342172(Rural Development)22-23(D)

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | खूँटी जिलान्तर्गत तोरपा प्रखण्ड के जिलिंगबुरू में स्थानीय नाला पर पुल निर्माण। | 3,26,17,600/– | 6,52,500/– | 10,000/– | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 09.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 10.01.2025 से दिनांक 17.01.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, खूँटी
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –18.01.2025 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 6201188328 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।**

PR 343732 (Rural Development) 24-25 (D)


## राशिफल

**मेष** – शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग–दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** – घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** – पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** – परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** – परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख–रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** – वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्रमांक संख्या (1) निविदा संख्याः- एस.ई.सी.आर.-मुख्यालय-इंजी.-बी.एल.-24-25-37

**कार्यः** नागपुर मंडल में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (पुल)/ नैनपुर के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न स्टील गर्डर पुलों में साईड पाथवे का प्रावधान। **अनुमानित लागतः** रू. **1,27,68,545.26/-**, **प्रतिभूति राशिः** रू. **2,13,900/-**,**बोली प्रक्रिया की प्रारंभ तिथिः 14/01/2025**, **निविदा की अंतिम तिथि समयः** दिनांक **28/01/2025** को **16:30** बजे।

उपरोक्त कार्य की आवश्यक एवं पूर्ण जानकारी उप मुख्य अभियंता पुल/मुख्यालय कार्यालय या **www.ireps.gov.in** वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है।

*उप मुख्य अभियंता पुल/मुख्यालय*
**सीपीआर/10/424** *द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर*
South East Central Railway @secrail


## शब्द पहेली - 5741



**बाएँ से दाए-**
1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरूर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से साराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर-4
17.किनारा,तट
18.कामधेनु, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

**शब्द पहेली - 5740 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5752

मध्यम



MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकू नवताल - 5751 का हल**



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

चिन्हारी

कमल नारायण

## अब कोनो ल नी देखन रऊनिया डहन



शास्त्र में कहे गए हे, जड़काला घरी मंखे ल रउनिया में रहना या घाम तापना चाही। एकर ले हमर तन ले जाड़ तो भागबे करथे, संगे संग विटामिन डी घलाव मिलथे। एकर ले हड्डी मजबूत होथे। शरीर ल ताकत संग बल मिल जाथे। आज के बेरा म कोनो ल रउनिया तापे बर फुरसत नई हे। हमन अपन तन बर बेरा नि निकाल सकत हन। एकर परिनाम ए होवत हे कि रोग राई ल अपन तन में बढ़ावा देवत हन। पहली सियान लइका, दाई बहिनी मन बिहनिया बेर उए तहने कमरा ओढ़े जाड़ भगाए बर चावरा में बईठे। पारा मोहल्ला के मन एक जगा सकला जाय। दुख सुख के गोठ होवय। एक दुसर के हीयाव करें। अब कहा पाबे। अब कोनो अईसने बईठ जाहि त तोर कर कुछु काम बुता नई हे का किथे। आज हमन ल रउनिया के वोतका जरुवत हे, जतका पहली रिहिस। त हमन रऊनिया तापे बर कंजूसी नी कर के सोज रूप में मिलत विटामिन डी ल ग्रहण करत अपन तन ल निरोगी बनावन।

लोक साहित्य

सरला शर्मा

## हिन्दी काव्य म छत्तीसगढ़



लोगन जऊन हिंदी अऊ प्रांतीय भासा कही के अलगाव वाला बात करथे त येह उचित नोहे। एकर ले भारतीय अखंडता खंडित होथे। सबो भासा म रचे साहित्य ह भारतीय साहित्य आय। ए प्रक्रिया में कभु कोनो अंचल विशेष बर लिखे उदगार कोती ध्यान जाना स्वाभाविक हे। आदि कवि वाल्मीकि रामायण में छत्तीसगढ़ी के बरनन करे हावय। तुरतुरिया आश्रम में माता सीता रीहिस। लोचन प्रसाद पाण्डेय जी प्रकृति खातिर लिखथे-

सरिता जल में प्रतिबिंब लखै,
शुद्ध कहीं जलपान करै।
कहीं मुग्ध हो निर्झर झरझर में,
घन कुंजन में तन ताप हरै।

मुकुटधर पाण्डेय रुख राई ला देख के लेखनी ल देखन -

विकसित सर के किंजल्क जालू,
शोभित उन पर निहार माल।
किस समय बंधु की आंखों से,
है टपक पड़ा यह प्रेम नीर।

पुस्तक समीक्षा

## हमर गांव

(लइका मन के कविता)




कृति के नाव: हमर गांव

लेखक: रामेश्वर शांडिल्य

प्रकाशक: बुक्स क्लीनिक, बिलासपुर

पुस्तक समीक्षा: विवेक तिवारी

मूल्य: 150 रुपया

बाल साहित्य के रचना कोनो लइका खेलवारी नोहय, काबर के एमा लइका मन के उम्मर, उंखर रुचि अउ सोंच के ध्यान रखना जरुरी रथे। संगे संग कविता म लइका मन बर सीख घलो होना चाही, जेखर ले उनला सही ज्ञान मिल सकय। ए जम्मो जिनिस ल ध्यान म रख के कवि ह "हमर गांव" नाव के पुस्तक के रचना करे हावंय । इंखर कविता मा लइका मनन ला लुभाये के 40 ठन स्वरचित कविता संग्रहित करे हावंय।

ए पुस्तक म जोराय कुछ कविता मन के बानगी देखव-

"जलदी जागव" –

घोड़ा बेंच झन सुतव जी। कुकरा बासत उठंव जी।
सुत उठ के कछु काम करव। जग म अपन नाम करव।

सहज बोध के उंखर रचना मन अमीर खुसरो के मुकरी कस लगथे। ये रचना मनन नान-नान हवै फेर एमा गंभीरता घलो हवै। ए पुस्तक के रचना मन हमर गुरतुर भाखा छत्तीसगढ़ी म हवैं। अउ छत्तीसगढ़ी म सार्थक कविता उही लिख सकथे जेन लोकजीवन म रचे-बसे होवय।

छत्तीसगढ़ अंचल के गांवों में खेती किसानी कार्यों से मुक्त होने के बाद किसान मनोरंजन के लिए मेला मड़ई का आयोजन करते हैं। यह ध्यान रखा जाता है कि जिस गांव में मड़ई की तिथि तय होती है उसके आसपास के गांवों में इस समय मड़ई का आयोजन नहीं किया जाता।



# महासमुंद जिले का प्रसिद्ध कचना धुरवा मड़ई



| क्र. | ब्लॉक | तल | फ्लैट क्र. | संख्या | रकबा प्रति बंधक फ्लैट | रकबा कुल बंधक फ्लैट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BLOCK-C | प्रथम तल | फ्लैट क्र. 101 | 01 | 75.00 Sqm | 75.00 Sqm |
| 2 | | प्रथम तल | फ्लैट क्र. 102 | 01 | 75.50 Sqm | 75.50 Sqm |
| 3 | | द्वितीय तल | फ्लैट क्र. 201 | 01 | 77.00 Sqm | 77.00 Sqm |
| 4 | | द्वितीय तल | फ्लैट क्र. 202 | 01 | 75.50 Sqm | 75.50 Sqm |
| 5 | | तृतीय तल | फ्लैट क्र. 301 | 01 | 77.00 Sqm | 77.00 Sqm |
| 6 | | तृतीय तल | फ्लैट क्र. 302 | 01 | 75.50 Sqm | 75.50 Sqm |
| 7 | | चतुर्थ तल | फ्लैट क्र. 401 | 01 | 77.00 Sqm | 77.00 Sqm |
| 8 | | चतुर्थ तल | फ्लैट क्र. 402 | 01 | 75.50 Sqm | 75.50 Sqm |
| 9 | | पंचम तल | फ्लैट क्र. 501 | 01 | 77.00 Sqm | 77.00 Sqm |
| 10 | | पंचम तल | फ्लैट क्र. 502 | 01 | 75.50 Sqm | 75.50 Sqm |
| 11 | BLOCK-D | प्रथम तल | फ्लैट क्र. 101 | 01 | 102.13 Sqm | 102.13 Sqm |
| **योग** | | | | 11 | | **864.63 Sqm** |

**(ब) निम्न आय वर्गों (एल.आई.जी.) के लिए आरक्षित फ्लैटों का विवरणः-**

| क्र. | ब्लॉक क्र. | तल | फ्लैट क्र. | संख्या | रकबा कुल LIG फ्लैट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BLOCK-C | छटवाँ तल | फ्लैट क्र. C-601 | 01 | 77.00 Sqm |
| 2 | | छटवाँ तल | फ्लैट क्र. C-602 | 01 | 75.50 Sqm |
| 3 | | सातवाँ तल | फ्लैट क्र. C-701 | 01 | 77.00 Sqm |
| 4 | | सातवाँ तल | फ्लैट क्र. C-702 | 01 | 75.50 Sqm |
| 5 | | आठवाँ तल | फ्लैट क्र. C-801 | 01 | 77.00 Sqm |
| 6 | | आठवाँ तल | फ्लैट क्र. C-802 | 01 | 75.50 Sqm |
| 7 | | नवम तल | फ्लैट क्र. C-901 | 01 | 77.00 Sqm |
| 8 | | नवम तल | फ्लैट क्र. C-902 | 01 | 75.50 Sqm |
| **योग** | | | | **08** | **610.00 Sqm** |

**(स) E.W.S. के लिए आरक्षित फ्लैटों का विवरणः-**

| क्र. | ब्लॉक क्र. | तल | फ्लैट क्र. | संख्या | रकबा प्रति EWS फ्लैट | रकबा कुल EWS फ्लैट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BLOCK-C | द्वितीय तल | फ्लैट क्र. E- 201 | 01 | 34.70 Sqm | 34.70 Sqm |
| 2 | | | फ्लैट क्र. E- 202 | 01 | 31.73 Sqm | 31.73 Sqm |
| 3 | | | फ्लैट क्र. E- 203 | 01 | 31.73 Sqm | 31.73 Sqm |
| 4 | | | फ्लैट क्र. E- 204 | 01 | 31.73 Sqm | 31.73 Sqm |
| 5 | | | फ्लैट क्र. E- 205 | 01 | 31.73 Sqm | 31.73 Sqm |
| 6 | | | फ्लैट क्र. E- 206 | 01 | 33.68 Sqm | 33.68 Sqm |
| 7 | BLOCK-B | द्वितीय तल | फ्लैट क्र. E- 207 | 01 | 33.68 Sqm | 33.68 Sqm |
| 8 | | | फ्लैट क्र. E- 208 | 01 | 31.73 Sqm | 31.73 Sqm |
| 9 | | | फ्लैट क्र. E- 209 | 01 | 31.73 Sqm | 31.73 Sqm |
| 10 | | | फ्लैट क्र. E- 210 | 01 | 31.73 Sqm | 31.73 Sqm |
| 11 | | | फ्लैट क्र. E- 211 | 01 | 31.73 Sqm | 31.73 Sqm |
| 12 | | | फ्लैट क्र. E- 212 | 01 | 34.70 Sqm | 34.70 Sqm |
| | | **योग** | | **12** | | **390.60 Sqm** |

उपरोक्तानुसार बंधक फ्लैटों को क्रय करने के पूर्व नगर निगम रायपुर द्वारा बंधक मुक्त किया गया है अथवा नहीं; इसके संबंध में कालोनाईजर से बंधक मुक्त प्रमाण-पत्र प्राप्त करें तथा बंधक मुक्त नहीं होने की स्थिति में बंधक फ्लैटों को क्रय न किया जावें।

**नगर निवेशक**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

# वाहन प्रदर्शनी में 40 नए उत्पाद होंगे पेश, चीन की भागीदार होगी सीमित

## वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के संयुक्त सचिव आनंद ने दी जानकारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में संयुक्त सचिव विमल आनंद ने कहा है कि वाहन प्रदर्शनी (ऑटो एक्सपो) में 40 से अधिक नए उत्पाद पेश किए जाने की उम्मीद है। वाहन मेला 17-22 जनवरी तक 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025' के तहत आयोजित किया जा रहा है।

आनंद ने आयोजित कार्यक्रम से इतर कहा कि वीजा का मुद्दा बना हुआ है। इसलिए अधिक संख्या में चीन की कंपनियों की भागीदारी की उम्मीद नहीं है। हालांकि, उनमें से कुछ कंपनियां इस एक्सपो में भाग ले रही हैं। यह शो भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025 का हिस्सा होगा।

### दोपहियां से लेकर बस तक होगी पेश

आनंद ने कहा कि 'ऑटो शो' मुख्य आकर्षण होगा और मोटर वाहन के साथ-साथ बैटरी शो, टायर शो तथा इलेक्ट्रॉनिक शो सहित इस क्षेत्र से संबंधित विभिन्न खंडों पर अन्य कार्यक्रम भी भारत मंडपम में आयोजित किए जाएंगे। वाहन प्रदर्शनी के दौरान 40 से अधिक उत्पाद पेश होने जा रहे हैं। ये दोपहिया से लेकर यात्री वाहन तथा बस तक विभिन्न खंडों में पेश किए जाएंगे।



### चीन की कंपनी बीवाईडी होगी शामिल

एक्सपो में चीन की कंपनियों की बड़े पैमाने पर भागीदारी के बारे में उन्होंने कहा, '' वीजा एक समस्या हो सकता है, क्योंकि यह एक व्यक्ति के हाथ में नहीं है। भारत में चीन से आने वाले आगंतुकों की जांच के लिए कई प्रणालियां मौजूद हैं।'' हालांकि, आनंद ने कहा, कम से कम कुछ लोग इसमें भाग ले रहे हैं। बीवाईडी (चीन की वाहन कंपनी) भी इसमें शामिल होने जा रही है।'' संयुक्त सचिव ने कहा, 'पिछले वर्ष यह कार्यक्रम (मोबिलिटी शो) केवल भारत मंडपम में आयोजित किया गया था, लेकिन इस साल हमने इसे तीन गुना बढ़ा दिया है और हम इसे न केवल भारत मंडपम में, बल्कि यशोभूमि और इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट (ग्रेटर नोएडा) में भी आयोजित करने जा रहे हैं।'

### ईवी कंपनियां 20 से अधिक उत्पाद पेश करेगी

'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025' का आयोजन वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा क्षेत्रीय उद्योग निकायों के साथ मिलकर किया जा रहा है। इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) के अध्यक्ष देबी प्रसाद ने कहा कि ऊर्जा भंडारण तथा चार्जिंग परिवेश की कंपनियां 20 से अधिक उत्पाद पेश करेंगी। 'भारत बैटरी शो' का आयोजन 19 से 21 जनवरी तक किया जाएगा। आनंद ने कहा, आईईएसए के (भारत बैटरी शो में) पिछले साल करीब 50 प्रदर्शक थे। इस साल हमें 80 से अधिक पुष्टि मिल चुकी हैं और विभिन्न देशों से 100 प्रदर्शकों के आने की उम्मीद है...इनमें केवल भारत की कंपनियां ही नहीं हैं, बल्कि अमेरिका, जापान, जर्मनी, इटली, सिंगापुर और चीन सहित दुनियाभर की कंपनियां शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### टाटा डिजिटल का खुदरा निवेश के क्षेत्र में कदम

**नई दिल्ली।** टाटा डिजिटल ने अपने सुपरऐप 'टाटा न्यू' पर सावधि जमाओं की सुविधा शुरू करने के साथ खुदरा निवेश क्षेत्र में कदम रखने की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि ग्राहक बिना किसी बचत बैंक खाते के भी अग्रणी वित्तीय संस्थानों के साथ बाजार के जरिये 9.1 प्रतिशत तक की ब्याज दरों पर सावधि जमाओं में निवेश कर सकते हैं। टाटा डिजिटल के मुख्य व्यवसाय अधिकारी (वित्तीय सेवाएं) गौरव हजराती ने कहा, 'सावधि जमा बाजार के साथ हमारा लक्ष्य कई विश्वसनीय प्रदाताओं से उच्च-प्रतिफल, निश्चित-रिटर्न तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाना है।'

### वीहांत टेक्नोलॉजीज ने जुटाए 90 लाख डॉलर

**नई दिल्ली।** कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित सुरक्षा तथा निगरानी समाधान प्रदाता वीहांत टेक्नोलॉजीज ने ट्रू नॉर्थ के 'प्राइवेट क्रेडिट फंड' से गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र के जरिये वित्तपोषण के एक दौर में 90 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 77 करोड़ रुपये) जुटाये हैं। कंपनी ने कहा, वीहांत टेक्नोलॉजीज ने अपनी वर्तमान पेशकशों को बढ़ाने तथा विमानन सुरक्षा, स्मार्ट शहरों और उद्यम विश्लेषण के लिए नवीन समाधान विकसित करने के लिए अनुसंधान व विकास गतिविधियों को बढ़ाने हेतु 75 प्रतिशत धनराशि खर्च करने की योजना बनाई है।

### 'उड़ान' योजना सरकार की प्राथमिकता बनी रहेगी

**नई दिल्ली।** नागर विमानन सचिव सचिव वुमलुनमंग वुअलनम ने कहा कि क्षेत्रीय हवाई संपर्क (उड़ान) योजना सरकार की प्राथमिकता बनी रहेगी। उन्होंने साथ ही कहा कि 2029 तक हवाई यात्रियों की संख्या 40 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। राष्ट्रीय राजधानी में एक सम्मेलन में उन्होंने यह भी कहा कि 'सीप्लेन'' के संचालन के लिए पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया जा रहा है। इस बात पर जोर देते हुए कि देश के विमानन क्षेत्र के विकास की 'विशाल संभावना' है।

### सरकार जल्द बढ़ाएगी चीनी का न्यूनतम बिक्री मूल्य



**नई दिल्ली।** खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि सरकार जल्द ही चीनी का न्यूनतम बिक्री मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने पर फैसला लेगी। चीनी का एमएसपी 31 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित बना हुआ है। यह दर फरवरी, 2019 में निर्धारित की गई थी। हालांकि, उद्योग निकाय बढ़ती उत्पादन लागत और चीनी मिलों के समक्ष आ रहे आर्थिक दबाव के कारण लगातार दरों में बढ़ोतरी की मांग करते रहे हैं। जोशी ने यहां एक कार्यक्रम के मौके पर कहा, 'इसकी मांग है। विभाग इस मामले से अवगत है।

### वन मोबिक्विक को 3.6 करोड़ रुपए का घाटा



**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड को जुलाई-सितंबर 2024 तिमाही में 3.59 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। कंपनी पिछले महीने ही बाजार में सूचीबद्ध हुई है। कंपनी को जुलाई-सितंबर 2023 में छह करोड़ रुपये का एकल लाभ हुआ था। वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड ने शेयर बाजार को मंगलवार को दी सूचना में बताया, समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 294 करोड़ रुपये हो गई। जुलाई-सितंबर 2023 में यह 207 करोड़ थी।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने अनुमान जारी किया

# चार साल के सबसे निचले स्तर पर आ सकती है जीडीपी, 2024-25 में 6.4% रहने का अनुमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन से देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में घटकर चार साल के निचले स्तर 6.4 प्रतिशत पर आ सकती है। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह अनुमान जताया गया। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए राष्ट्रीय आय का पहला अग्रिम अनुमान जारी करते हुए यह जानकारी दी।

- विनिर्माण व सेवा क्षेत्रों का रहा खराब प्रदर्शन

इसके मुताबिक, देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वित्त वर्ष 2024-25 में 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी जबकि पिछले वित्त वर्ष में इसकी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत थी। अगर ऐसा होता है तो देश की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2020-21 के बाद सबसे धीमी गति से बढ़ेगी।

**खास बातें**

- पिछले वित्त वर्ष में इसकी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत थी
- ऐसा होने पर वित्त वर्ष 2020-21 के बाद सबसे धीमी गति से बढ़ेगी




### कोविड के दौरान 5.8 फीसदी दर्ज की गई थी

*कोविड महामारी से बुरी तरह प्रभावित वित्त वर्ष 2020-21 में अर्थव्यवस्था में 5.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। हालांकि, उसके बाद 2021-22 में यह 9.7 प्रतिशत, 2022-23 में सात प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की उच्च दर से बढ़ी थी।*

### एनएसओ का अनुमान आरबीआई से कम

*एनएसओ का वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 6.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमान से कम है। आरबीआई ने दिसंबर, 2024 में जारी अपने अनुमान में कहा था कि चालू वित्त वर्ष में जीडीपी 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। इसके अलावा एनएसओ का यह अनुमान वित्त मंत्रालय के भी अनुमान से कम है।*

### कृषि क्षेत्र राहत लेकर आएगा

कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन अर्थव्यवस्था के लिए राहत लेकर आ सकता है। कृषि क्षेत्र के चालू वित्त वर्ष में 3.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने का अनुमान है जो पिछले वित्त वर्ष में 1.4 प्रतिशत था। एनएसओ ने कहा, ''वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि 8.2 प्रतिशत रहने का अस्थायी अनुमान है।''

### 2023-24 में 9.6 फीसदी की दर से बढ़ा था

मौजूदा कीमतों पर देश का सकल घरेलू उत्पाद 2023-24 में 9.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा था जो वित्त वर्ष 2024-25 में 9.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। आंकड़ों के मुताबिक, मौजूदा कीमतों पर जीडीपी के 2023-24 के 295.36 लाख करोड़ रुपये से 9.7 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 में 324.11 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचने का अनुमान है।

### अर्थव्यवस्था का आकार 3.8 लाख करोड़ डॉलर रहेगा

मौजूदा अनुमानों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 3.8 लाख करोड़ डॉलर (85.7 रुपये/अमेरिकी डॉलर) है। इसके अलावा, मौजूदा कीमतों पर सकल मूल्य-वर्धन (जीवीए) पिछले वित्त वर्ष के 267.62 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 2024-25 में 292.64 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच जाने का अनुमान है। यह 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाता है।

# शेयर बाजार में गिरावट थमी

## सेंसेक्स में 234 अंक की तेजी

एजेंसी ⏭ मुंबई



स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 234 अंक के लाभ में रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी ने फिर 23,700 अंक के स्तर को हासिल कर लिया। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एलएंडटी जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। कारोबारियों के अनुसार हालांकि, कंपनियों के तिमाही नतीजों से पहले और डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में गिरावट से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों शेयरों में नुकसान से बाजार का लाभ सीमित रहा।

### अदाणी के तीन शेयर सर्वाधिक लाभ में

*सेंसेक्स में शामिल तीस शेयरों में अदाणी पोर्ट्स सर्वाधिक लाभ में रही। इसके अलावा टाटा मोटर्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, नेस्ले इंडिया, अल्ट्राटेक सीमेंट, लार्सन एंड टुब्रो के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।*

### टीसीएस में रही गिरावट

*इसके उलट, जोमैटो, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में गिरावट आई।*

# अगले वित्त वर्ष में बैंकों का लाभ घटने की आशंका

## घरेलू रेटिंग्स एजेंसी इंडिया रेटिंग्स ने जारी की रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ मुंबई

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने मंगलवार को कहा कि खराब परिसंपत्तियों में वृद्धि से अगले वित्त वर्ष में बैंकों की लाभप्रदता पर असर पड़ने की आशंका है। घरेलू रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारतीय बैंकों की लाभप्रदता वित्त वर्ष 2024-25 में 'घुमाव बिंदु' पर है और अगले वित्त वर्ष में इसमें और कमी आने की संभावना है। उसने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 मुनाफे के लिहाज से बैंकों के लिए चरम का साल था।

- कर्ज चूक बढ़ने और ऋण लागत में वृद्धि की उम्मीद

रेटिंग एजेंसी के प्रमुख और निदेशक (वित्तीय संस्थान) करण गुप्ता ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''वित्त वर्ष 2025-26 में बैंकों की लाभप्रदता में और कमी आने की आशंका है। इसकी वजह यह है कि वित्त वर्ष 2023-24 के स्तर पर कर्ज चूक बढ़ने और ऋण लागत में वृद्धि की उम्मीद है जो दशक के निचले स्तर पर था।'' गुप्ता ने कहा कि परिसंपत्ति गुणवत्ता दबाव का एक बड़ा हिस्सा बिना गारंटी वाले खुदरा कर्ज जोखिम से उत्पन्न होगा।




### कुछ परिसंपत्ति खंड में नजरिया बदला

इंडिया रेटिंग्स एंड एजेंसी ने बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और आवास वित्त कंपनियों पर अपनी रेटिंग एवं नजरिये को बनाए रखा है लेकिन दबाव बढ़ने की आशंकाओं को देखते हुए कुछ परिसंपत्ति खंडों पर अपना नजरिया बदला है।

हालांकि, उन्होंने कहा कि इसे संभाला जा सकता है और इसका कोई प्रणालीगत प्रभाव नहीं होगा। एजेंसी ने कहा कि 50,000 रुपये से कम के खुदरा असुरक्षित कर्ज में बैंकिंग ऋण का लगभग 0.4 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि केवल 3.6 प्रतिशत कर्ज ऐसे हैं जिनकी उधारी दर 11 प्रतिशत से अधिक है।

# स्मार्टफोन कलपुर्जों पर शुल्क कटौती से होगा नुकसान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में स्मार्टफोन के कलपुर्जों पर सीमा शुल्क में किसी भी तरह की कटौती से भारत के विकासशील कलपुर्जा परिवेश को नुकसान पहुंचेगा, निवेश हतोत्साहित होगा, आयात बढ़ेगा और स्थानीय कंपनियां प्रतिस्पर्धी नहीं रहेंगी जिसके परिणामस्वरूप नौकरियां जाने की आशंका है।

- इलेक्ट्रॉनिक परिवेश होगा प्रभावित, नौकरियां जाएंगी

आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने मंगलवार को यह बात कही। भारत के स्मार्टफोन उद्योग का उत्पादन 2023-24 तक 49.2 अरब



अमेरिकी डॉलर और निर्यात 15.6 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। इससे डीजल, विमानन ईंधन और पॉलिश किए गए हीरे के बाद सबसे अधिक निर्यात किए जाने वाले सामान की सूची में स्मार्टफोन का चौथा स्थान होगा। हालांकि, कुछ उद्योग समूह वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में स्मार्टफोन घटकों पर आयात शुल्क में और कटौती करने पर जोर दे रहे हैं।

# चांदी में 1,300 रुपए का उछाल

## सोना 700 रुपए मजबूत होकर 79,700 रुपए प्रति दस ग्राम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आभूषण तथा फुटकर विक्रेताओं की ताजा लिवाली तथा रुपये के मूल्य में गिरावट आने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 700 रुपये मजबूत होकर 79,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को सोने की कीमत 79,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

चांदी की कीमत भी 1,300 रुपये के उछाल के साथ 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के पिछले बंद भाव के मुकाबले 700 रुपये बढ़कर 79,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी बाजारों में मजबूत रुख और घरेलू मांग बढ़ने से सर्राफा कीमतों में तेजी आई। मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे गिरकर 85.73 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, क्योंकि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी कोषों की निकासी ने रुपये पर दबाव जारी रखा। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स सोना वायदा 0.28 प्रतिशत बढ़कर 2,654.90 डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, मिश्रित संकेतों के बीच सोना 2,635 डॉलर के स्तर पर मंडरा रहा है।



### एशियाई कारोबार में चांदी चमकी

अमेरिकी के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के बारे में अनिश्चितता कुछ निवेश आकर्षित करती है और कीमती धातुओं को समर्थन प्रदान करती है। एशियाई कारोबारी घंटों में कॉमेक्स चांदी वायदा 0.73 प्रतिशत बढ़कर 30.81 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## बिजनेस साइट

# रायपुर में 'ऑल इंडिया स्टील कॉनक्लेव 2.0' का 10 और 11 जनवरी को आयोजन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 10 और 11 जनवरी को 'ऑल इंडिया स्टील कॉनक्लेव 2.0' का आयोजन होने जा रहा है। मेफेयर लेक रिसॉर्ट में होने वाले इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर के 17 राज्यों से लगभग 1500 प्रतिनिधि शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ स्टील रि-रोलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय त्रिपाठी, महासचिव बांकेबिहारी अग्रवाल और को-चेयरमैन अमित अग्रवाल ने जानकारी दी कि यह आयोजन राज्य में दूसरी बार हो रहा है, और इस वर्ष की टैगलाइन 'शेपिंग द फ्यूचर ऑफ स्टील' रखी गई है। कार्यक्रम में भारतीय स्टील उद्योग की वर्तमान स्थिति, भविष्य के अवसर और चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी। छत्तीसगढ़ स्टील रि-रोलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ स्पॉज आयरन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन और छत्तीसगढ़ मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन भी सहायक संस्थाएं हैं। यह आयोजन छत्तीसगढ़ को सेकेंडरी स्टील के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ा केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### उद्घाटन सीएम साय व इस्पात मंत्री करेंगे

कॉनक्लेव का उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी करेंगे। पहले दिन क्वालिटी कंट्रोल, तकनीकी मुद्दों और उद्योग की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। प्रमुख कंपनियों जैसे भिलाई इस्पात, जिंदल स्टील, टाटा स्टील, एनएमडीसी और एसईसीएल के उच्चाधिकारी भी इसमें शामिल होंगे।

# कल्याण ज्वैलर्स का राजस्व तीसरी तिमाही में 39% बढ़ा

**नई दिल्ली।** कल्याण ज्वैलर्स का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत राजस्व सालाना आधार पर 39 प्रतिशत बढ़ा। मजबूत त्यौहारी और शादी-ब्याह की मांग से इसे बल मिला। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में एकीकृत राजस्व 5,223.07 करोड़ रुपये रहा था। कल्याण ज्वैलर्स के भारतीय




परिचालन में राजस्व वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 41 प्रतिशत तथा पश्चिम एशिया में 22 प्रतिशत रही। कंपनी ने अगले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत तथा विदेशों में कल्याण व डिजिटल मंच 'कैंडेरे फॉर्मेट' में 170 नए शोरूम शुरू करने की योजना बनाई है। 31 दिसंबर 2024 तक कंपनी के अपने सभी ब्रांड के 349 शोरूम थे।

## कंपनी के सीईओ नडेला ने एक सम्मेलन में कहा

# माइक्रोसॉफ्ट भारत में तीन अरब डॉलर करेगी निवेश

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने मंगलवार को कहा कि कंपनी भारत में अपनी क्लाउड कंप्यूटिंग और कृत्रिम मेधा (एआई) क्षमताओं के विस्तार के लिए तीन अरब डॉलर (करीब 25,700 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी।

- कंपनी क्लाउड कंप्यूटिंग और एआई का करेगी विस्तार

नडेला ने यहां प्रौद्योगिकी कंपनियों और स्टार्टअप इकाइयों के संस्थापकों तथा अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी 2030 तक भारत में एक करोड़ लोगों को एआई कौशल का प्रशिक्षण भी देगी।



### कंपनी एज्योर ब्रांड के नाम से सेवाएं देती है

माइक्रोसॉफ्ट एज़्योर ब्रांड नाम के तहत अपनी क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाएं प्रदान करती है। इसके 60 से अधिक एज़्योर क्षेत्र हैं जिनमें 300 से अधिक डेटा सेंटर शामिल हैं। नडेला ने कहा, भारत में हम अपने सभी क्षेत्रों को लेकर उत्साहित हैं। हमारे पास मध्य भारत, दक्षिण भारत, पश्चिम भारत और दक्षिण-मध्य भारत है।

### कंपनी का भारत में सबसे बड़ा विस्तार होगा

हाल ही में कई प्रौद्योगिकी दिग्गजों ने भारत की यात्रा की है और अब इस सूची में नडेला का भी नाम जुड़ गया है। 1.4 अरब की आबादी वाला भारत कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र में काफी प्रगति कर रहा है। नडेला ने कहा कि भारत में तीन अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किसी भी देश में किया गया 'सबसे बड़ा विस्तार' होगा। उन्होंने कहा, 'भारत में एआई की प्रसार दर बेहतरीन है।' हालांकि, उन्होंने इस निवेश के लिए कोई समयसीमा नहीं बताई।

### 20 लाख लोगों को एआई कौशल का अवसर मिलेगा

सीईओ ने कहा, हमारे पास वे क्षमताएं भी हैं, जिन्हें हमने जियो के साथ मिलकर विकसित किया है। हम क्षेत्रीय स्तर पर काफी विस्तार कर रहे हैं। नडेला ने फरवरी, 2024 में आखिरी बार भारत की यात्रा की थी। उस समय उन्होंने घोषणा की थी कि कंपनी 2025 तक देश में 20 लाख लोगों को एआई कौशल का अवसर प्रदान करेगी, जो छोटे शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को प्रशिक्षित करने पर केंद्रित होगा।

### भारत को एआई क्षेत्र में बनाएंगे अग्रणी

नडेला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में कृत्रिम मेधा मिशन, भारत के बुनियादी ढांचे और उद्यमी महत्वाकांक्षाओं सहित कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मोदी के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, '' भारत को कृत्रिम मेधा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की हमारी प्रतिबद्धता पर काम करने को लेकर उत्साहित हूं।''

खबर संक्षेप



## युवी ब्रांड एंबेसडर, क्रिकेट में लाएंगे नई क्रांति

**नई दिल्ली।** टेनिस बॉल क्रिकेट प्रीमियर लीग ने अपनी पहली टी10 टूर्नामेंट की घोषणा की, जिसमें आठ फ्रैंचाइजी टीमें शामिल होंगी। यह टूर्नामेंट 26 मई से 5 जून तक आयोजित किया जाएगा। लीग ने क्रिकेट के दिग्गज युवराज सिंह को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करके एक ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया है। इसे विशेष रूप से सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इस रोमांचक टूर्नामेंट के आयोजन स्थल की घोषणा जल्द ही की जाएगी। यह टूर्नामेंट स्ट्रीट क्रिकेट के रूप में लोकप्रिय इस फॉर्मेट को एक पेशेवर खेल आयोजन में बदलने का लक्ष्य रखता है। उद्योग विशेषज्ञ इसे दुनिया का सबसे टिकाऊ क्रिकेट बिजनेस मॉडल मान रहे हैं।

## अफगानिस्तान के खिलाफ मैच का बहिष्कार करेगी इंग्लैंड?

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच खेलना है। इस मुकाबले के बहिष्कार करने के लिए इंग्लैंड के 160 से अधिक राजनेताओं ने प्रस्ताव रखा था। दरअसल, इंग्लैंड के राजनेताओं का मानना था कि तालिबान शासन द्वारा महिलाओं के अधिकारों के उल्लंघन किया जा रहा है और ऐसे में इंग्लिश टीम को अफगानिस्तान से मैच नहीं खेलना चाहिए। अब खबर है कि इसीबी ने अपने राजनेताओं के इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है।

**क्या है पूरा मामला ? :** बहिष्कार का आह्वान लेबर सांसद टोनिया एंटोनियाज द्वारा लिखे गए एक पत्र के माध्यम से शुरू हुआ था, और इस पर विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों और साथियों ने हस्ताक्षर किए थे। पत्र में तालिबान शासन के तहत अफगानिस्तान में महिलाओं के अधिकारों के उल्लंघन की निंदा की गई थी। बता दें कि 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से महिलाओं को संगठित खेल खेलने से व्यावहारिक रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## स्मिथ, विलियमसन का पीएसएल से जुड़ने पर संदेह



**कराची।** स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन जैसे विदेशी बल्लेबाजों का पाकिस्तान सुपर लीग के आगामी सत्र में शामिल होने की संभावना बेहद कम है। वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को इस साल अप्रैल-मई में आयोजित होने वाली लीग में इंग्लैंड के खिलाड़ियों की भागीदारी के लिए इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड से मंजूरी का इंतजार है। पता चला है कि स्मिथ और विलियमसन पूर्व प्रतिबद्धताओं के कारण पीएसएल से हट गये है। पीएसएल का आयोजन पहली बार आईपीएल के साथ होगा।

# द.अफ्रीका ने पाक को हराकर 2-0 से जीती टेस्ट सीरीज, बने रिकॉर्ड्स

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने सीरीज के दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान क्रिकेट टीम को 10 विकेट से हराते हुए सीरीज को 2-0 से अपने नाम किया। केप टाउन में हुए मुकाबले में जीत के लिए मिले 58 रन के छोटे से लक्ष्य को प्रोटियाज टीम ने बिना विकेट गंवाए हासिल किया। इससे पहले पाकिस्तान ने अपनी दूसरी पारी में 478 रन बनाए थे। मैच में ये रिकॉर्ड्स भी बने हैं।

### इस तरह से जीती दक्षिण अफ्रीकी टीम

दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 615 रन बनाए थे। मेजबान टीम से रयान रिकेल्टन (259), तेम्बा बावुमा (106) और काइल वेरिन (100) ने बड़ी पारियां खेली थी। जवाब में पाकिस्तानी टीम 194 रन सिमट गई थी। इसके बाद फॉलोऑन खेलते हुए पाकिस्तानी टीम ने अपनी दूसरी पारी में कप्तान शान मसूद के शतक (145) की बदौलत 478 रन बनाकर पारी की हार को टाला। आखिर में छोटे से लक्ष्य को मेजबान टीम ने हासिल किया।

### रिकेल्टन ने लगाया पहला दोहरा शतक

रिकेल्टन ने अपनी पारी में 343 गेंदों पर 259 रन बनाए। उनके दूसरे टेस्ट शतक में 29 चौके और 3 छक्के शामिल थे। रिपोर्ट के अनुसार, रिकेल्टन अब टेस्ट में दक्षिण अफ्रीकी धरती पर चौथा सर्वश्रेष्ठ स्कोर वाले बल्लेबाज बने हैं। उनसे आगे इस सूची में गैरी कर्स्टन (275 बनाम इंग्लैंड, डरबन, 1999), ग्रीम पोलक (274 बनाम ऑस्ट्रेलिया, डरबन, 1970) और स्टीफन फ्लेमिंग (262 बनाम दक्षिण अफ्रीका, केप टाउन, 2006) ही हैं।



### शान मसूद ने टेस्ट में लगाया छठा शतक

पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज बाबर आजम और मसूद ने अपनी दूसरी पारी में संघर्ष दिखाया। इस जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 205 रन की साझेदारी की। अच्छी बल्लेबाजी कर रहे बाबर 81 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने पहली पारी में भी अर्धशतक लगाया था।हालांकि, दूसरे छोर से कप्तान मसूद ने टिककर बल्लेबाजी करते हुए अपना छठा टेस्ट शतक पूरा किया। वह 251 गेंदों पर 145 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 17 चौके शामिल थे।

### बावुमा ने भी ठोका पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट शतक

दक्षिण अफ्रीकी कप्तान बावुमा ने अपने टेस्ट करियर का चौथा शतक लगाया। उन्होंने 179 गेंदों पर 9 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 106 रन बनाए। अपने टेस्ट करियर में उन्होंने 37.95 की औसत से 3,606 रन बनाए हैं। बावुमा ने पाकिस्तान के खिलाफ 7 टेस्ट की 12 पारियों में 51.10 की औसत से 510 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने एक शतक और 2 अर्धशतक लगाए हैं।

### वेरिन ने टेस्ट करियर के 1,000 रन पूरे किए

वेरिन ने दूसरे दिन के दौरान शानदार शतक लगाया और इस बीच अपने टेस्ट करियर के 1,000 रन पूरे किए। वह 147 गेंदों पर 9 चौके और 5 छक्के की मदद से 100 रन बनाकर आउट हुए। उनके टेस्ट करियर में अब तक 32.12 की औसत के साथ 1,060 रन बनाए हैं। उन्होंने 136* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 4 शतक और 3 अर्धशतक लगाए हैं।

भारतीय क्रिकेट टीम 2025 में इन टूर्नामेंट में लेगी हिस्सा

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के साथ टी20 और वनडे सीरीज में भिड़ेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 2025 का साल काफी व्यस्त रहने वाला है। आगामी साल में चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जैसे प्रमुख टूर्नामेंट खेले जाएंगे। इन बहुपक्षीय टूर्नामेंट के अलावा द्विपक्षीय सीरीज में भी टीम हिस्सा लेगी। भारतीय टीम को टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा भी करना है।

ऐसे में अगला साल भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के लिए रोचक रहने वाला है। इस बीच 2025 में भारतीय टीम के कार्यक्रम पर एक नजर डालते हैं। सिडनी टेस्ट के बाद भारत को अपने घर पर इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 22 जनवरी से टी-20 सीरीज और 6 फरवरी से वनडे सीरीज खेलनी है।

### पहला मैच बांग्लादेश के साथ

इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ खेलेगी। ग्रुप-ए में मौजूद भारतीय टीम बांग्लादेश के बाद 23 फरवरी को मेजबान पाकिस्तान से और 2 मार्च को न्यूजीलैंड से भिड़ेगी।



### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की संभावित टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जड़ेजा, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह।

### दुबई में ही अपने सभी मैच खेलेगी भारतीय टीम

चैंपियंस ट्रॉफी का पहला सेमीफाइनल मैच 4 मार्च को दुबई में और दूसरा सेमीफाइनल 5 मार्च को लाहौर में खेला जाएगा। इसके बाद 9 मार्च को फाइनल लाहौर में होगा। अगर भारतीय टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई करती है तो खिताबी मुकाबला लाहौर की जगह दुबई में खेला जाएगा। 10 मार्च को फाइनल के लिए रिजर्व डे रखा गया है। 19 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के सभी मैच डे-नाइट खेले जाएंगे।

### इंग्लैंड दौरे पर 5 टेस्ट खेलेगी भारतीय टीम

भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के चौथे चक्र की शुरुआत जून 2025 में इंग्लैंड दौरे से करेगी। 20 जून, 2025 से हेडिंग्ले में होने वाले टेस्ट के साथ भारत के इंग्लैंड दौरे की शुरुआत होगी। इसके बाद दूसरा टेस्ट 2 जून से एजबेस्टन में खेला जाएगा। आखिरी में सीरीज के बचे हुए मैच क्रमशः 10 जुलाई (लॉर्ड्स), 23 जुलाई (मैनचेस्टर) और 31 जुलाई (केनिंग्टन ओवल) से खेले जाएंगे।

### चैंपियंस ट्रॉफी टीम का चयन 12 को

हाल ही में सम्पन्न हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 और वनडे सीरीज खेलनी है। इसके ठीक बाद 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत होगी। इस बीच खबर है कि चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने वाले सभी देशों को 12 जनवरी तक अपनी-अपनी प्रारंभिक टीमें भेजनी है। इस टूर्नामेंट में भारत को नया उपकप्तान देखने को मिलेगा। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी। अगर भारतीय टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई करती है तो खिताबी मुकाबला लाहौर की जगह दुबई में खेला जाएगा।

### बुमराह होंगे टीम के उपकप्तान : रिपोर्ट

बुमराह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सीरीज के आखिरी सिडनी टेस्ट के दौरान चोटिल हुए थे। वह पीठ की चोट के कारण दूसरी पारी में गेंदबाजी भी नहीं कर सके थे। मीडिया के मुताबिक, अगर बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्ध होते हैं तो वह टीम के उपकप्तान होंगे। हालांकि आमतौर पर रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली वनडे टीम में हार्दिक पांड्या टीम के उपकप्तान की भूमिका में नजर आते हैं।

आईसीसी ने जारी की सूची

# प्लेयर ऑफ द मंथ : दिसंबर माह के लिए बुमराह-मंधाना नामित



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने दिसंबर महीने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के जसप्रीत बुमराह को नामित किया है। उन्होंने हाल ही में सम्पन्न हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में जोरदार प्रदर्शन किया था। उनके साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस और दक्षिण अफ्रीका के डेन पैटरसन को नामांकित किया गया है। दूसरी तरफ महिला वर्ग में स्मृति मंधाना भी नामित हुई हैं।

### दिसंबर में बुमराह ने लिए थे 22 विकेट

बुमराह ने दिसंबर में 3 टेस्ट मैचों में 14.22 की शानदार औसत से 22 विकेट लिए थे। उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में 5 टेस्ट की 9 पारियों में 13.06 की औसत के साथ सर्वाधिक 32 विकेट चटकाए थे। अपने बेहतरीन प्रदर्शन के चलते ही बुमराह टेस्ट प्रारूप में सर्वोच्च रेटिंग अंक हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज बने थे। उन्होंने 904 रेटिंग अंक हासिल किए थे।

# त्रीसा और गायत्री की जोड़ी प्री क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने मंगलवार को यहां थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसाथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई को सीधे गेम में हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यहां छठी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने केवल 30 मिनट में 21-10, 21-10 से जीत हासिल कर अंतिम 16 में जगह पक्की की।

लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 टूर्नामेंट में अपनी सफलता से उत्साहित त्रीसा और गायत्री को गैरवरीय थाई जोड़ी से खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा।

# बिग बैश लीग में सहायक कोच डैन क्रिश्चियन ने संन्यास तोड़ा

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में हैरान करने वाली घटना सामने आई है। दरअसल, लीग की टीम सिडनी थंडर ने चोटिल खिलाड़ियों की समस्या को देखते हुए अपने सहायक कोच और पूर्व टी-20 खिलाड़ी डैन क्रिश्चियन की संन्यास से वापसी कराते हुए टीम में शामिल कर लिया। इतना ही नहीं, टीम ने उन्हें ब्रिसबेन हीट के खिलाफ मैच में अपनी प्लेइंग इलेवन में शामिल कर मैदान पर भी उतार दिया। सिडनी के इस निर्णय को लेकर काफी चर्चा है। बता दें कि क्रिश्चियन बीबीएल को अलविदा करने के बाद से ही टीम में सहायक कोच के पद पर कार्यरत हैं, लेकिन अब उन्होंने वापसी कर ली है।



### क्रिश्चियन को किसकी जगह किया गया शामिल

सिडनी की टीम खिलाड़ियों की चोट से जूझ रही है और उसके 3 खिलाड़ी चोटिल हैं। इसी तरह सैम कोंस्टास ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ हैं। पिछले मैच में कैमरन बैनक्रॉफ्ट और डेनियल सैम्स आपस में भिड़ने के कारण चोटिल हो गए थे। ऐसे में टीम ने खिलाड़ियों की कमी को पूरा करने के लिए अपने सहायक कोच क्रिश्चियन को संन्यास से वापसी कराते हुए बैनक्रॉफ्ट की जगह टीम में शामिल कर लिया। टीम को उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

### कैसा रहा है क्रिश्चियन का क्रिकेट करियर

लगभग 41 वर्षीय क्रिश्चियन को टी-20 विशेषज्ञ माना जाता है। वह 6 देशों में 18 विभिन्न टीमों के लिए 409 मैच खेल चुके हैं। टी-20 क्रिकेट में उनके नाम 137.73 के स्ट्राइक रेट से 5,825 रन हैं। वह 280 विकेट भी चटका चुके हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व किया है। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए भी 20 वनडे और 23 टी-20 मैच खेल चुके हैं। वह 3 बीबीएल खिताब भी जीत चुके हैं।

क्रिकेट

# भारत और पाकिस्तान से भी खतरनाक हुई अफगानिस्तान!

### पहली बार में ही रच दिया इतिहास



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम ने पिछले कुल सालों में इंटरनेशनल लेवल पर धमाकेदार प्रदर्शन कर रही है। अफगानिस्तान वनडे और टी-20 वर्ल्ड कप में कई बड़ी टीमों को कड़ी टक्कर देने का काम किया है। अब टेस्ट में भी अफगानिस्तान ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए अपना दमखम दिखाया है।

अफगानिस्तान ने कुछ ऐसा किया जो अब तक भारत-पाकिस्तान भी नहीं कर सके थे। एशियाई टीमों के लिए विदेशों में जीत हासिल करना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है, क्योंकि वे नए वातावरण और परिस्थितियों में खेलते हैं, जो उनके लिए अनुकूल नहीं होते हैं।

### अफगानिस्तान ने किया बड़ा कमाल

अफगानिस्तान की टीम ने अपनी पहली ही टेस्ट सीरीज में एशिया के बाहर जीत हासिल की। अफगानिस्तान ने 2018 में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था, और इसने जल्दी ही टेस्ट क्रिकेट में अपनी पहचान बनाई। भारत, यूएई, श्रीलंका, बांग्लादेश जैसे देशों में जाकर अफगानिस्तान ने टेस्ट सीरीज खेली, जो अफगान क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक पल रहा और अब अफगानिस्तान ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है।

### दिग्गज टीमें जो न कर सकीं अफगानिस्तान ने कर दिया

अफगानिस्तान की यह सफलता उस समय और भी खास हो जाती है, जब श्रीलंका और पाकिस्तान जैसे देशों को ऐसा करने में काफी वक्त लग गया था। पाकिस्तान और श्रीलंका को एशिया के बाहर अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने में नौ-नौ सीरीज का समय लगा था, जबकि अफगानिस्तान ने अपनी पहली टेस्ट सीरीज में ज़िम्बाब्वे को हराकर यह कारनामा कर दिखाया। भारत ने भी पहली बार में यह उपलब्धि हासिल नहीं की थी।

**अफगानिस्तान के नाम दर्ज हुआ बड़ा रिकॉर्ड :** अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के लिए यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। अफगानिस्तान ने एशिया के बाहर अपने पहले टेस्ट दौरे में जीत हासिल करके इतिहास रच दिया है। अफगानिस्तान ने इस कठिन चुनौती को पार करते हुए साबित कर दिया कि वे किसी भी परिस्थिति में जीतना जानते हैं। यह सफलता उन एशियाई टीमों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बन सकती है जो अपने पहले टेस्ट दौरों में संघर्ष करती हैं।




### ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शमी को न खिलाने पर सवाल

**नई दिल्ली।** हाल ही में सम्पन्न हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने 3-1 से जीत दर्ज की। भारतीय क्रिकेट टीम ने एक दशक बाद इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी में शिकस्त का सामना किया। 5 मैचों की इस टेस्ट सीरीज में मोहम्मद शमी टीम का हिस्सा नहीं थे। इस बीच पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग और रवि शास्त्री ने शमी को टीम में नहीं शामिल किए जाने के बीसीसीआई के फैसले पर सवाल उठाए हैं। मोहम्मद शमी घुटने की चोट के कारण लम्बे समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर हैं। टखने की चोट के कारण शमी वनडे विश्व कप 2023 के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर हैं।

FORM NO.
(See Regulation 33(2))
By Regd, A/D, Dasti Failing which by Publication.

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur - 482001

**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT,1993.**

RC/454/2020 02-01-2025

BANK OF BARODA Versus KAMAL NARAYAN SAHU

To,
(CD 1) KAMAL NARAYAN SAHU, VILLAGE AND POST-BHURKA, TEHSIL- ABHANPUR, DISTRICT- RAIPUR, C.G. - 493661
(CD 2) PURANIK RAM SAHU, VILLAGE AND POST- TAMASIVNI, TEHSIL- ABHANPUR, DISTRICT- RAIPUR, C.G. - 493661

Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated 23/05/2020 in OA/1124/2019 to pay to the Applicant Bank(s) / Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of Rs. 45,94,083.00 (Rupees Forty Five Lakhs Ninety Four Thousands Eighty Three Only) along with pendentellite and future interest @ 11.50% Simple Interest Yearly w.e.f. 04/07/2019 till realization and costs of Rs. 48,000 (Rupees Forty Eight Thousands Only) ,and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable/ Immoveable property.

2. You are hereby informed that the 12/02/2025 at 10.30 A.M. has been fixed for drawing up the proclamation of sale and setting the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances,charges,claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**Specification of property**

All that piece and parcel of Agriculture Land part of Khasra No.- 127, 149/1,150/1,230,231, admeasuring 2.66 hectares, situated at Village - Bhurka, Tehsil- Abhanpur, District- Raipur (C.G.); belonging to Kamal Narayan Sahu S/o Shri Shankar Lal Sahu.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 02/01/2025.

Seal

Ms Priti Desai
Recovery Officer-II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR (M.P.)

# नहीं देखी होगी ऐसी बंदरिया, रोटी बनाती है, बर्तन धोती है, 8 सालों से रह रही इंसानों के साथ

एजेंसी ▶▶| रायबरेली

अमेठी के आरिफ और सारस की दोस्ती के चर्चे तो हर कोई जानता है। इस कहानी को भला कौन नहीं जानता होगा, लेकिन इस बीच यूपी के रायबरेली में एक युवक और बंदरिया की दोस्ती का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। दरअसल, यह बंदरिया साधारण बंदरों से काफी अलग है। इसे लोग कामकाजी बंदरिया कहते हैं। इसका नाम रानी रखा गया है। हालांकि, बंदरिया कहने पर यह नाराज हो जाती है। इनको अपना सम्बोधन रानी ही भाता है। जो आठ साल पहले इनके नामकरण के बाद इसकी पहचान है। रानी भदोखर थाना इलाके के सड़वा गांव के रहने वाले किसान विश्वनाथ के घर की पिछले 8 साल से सदस्य हैं। यह परिवार के साथ ही उठती- बैठती, खाती -पीती और सोती हैं।



## जानें कैसे गांव पहुंची बंदरिया

इतना ही नहीं रानी का जब मूड होता है, तो घर के कामों में हाथ भी बंटाती हैं। इनके काम-काज करते हुए रेयर वीडियो विश्वनाथ के बेटे आकाश अपने मोबाइल में कैद करके रानी बंदरिया नाम के वाई टी चैनल पर डालते हैं। इसके करोड़ों में व्यूज आते हैं। बंदरिया को पालने वाले आकाश बताते हैं कि आठ साल पहले बदरों का एक झुंड गांव में आया था। उसी झुंड के साथ यह बंदरिया भी थी, जो अपने साथियों से अलग हो गई थी।



## बेसहारा बंदरिया को दिया था सहारा

जहां बेसहारा घूम रही बंदरिया को विश्वनाथ की पत्नी ने सहारा दिया था। अपनों से बिछडी बंदरिया को इंसानों का साथ मिला तो उसमें भी कई गुण इंसानों वाले आ गए। रानी बंदरिया इंसानों के बीच रहते-रहते वह उन्हीं की तरह खाना-पीना, रहना-सोना और यहां तक कि रोटी बेलना और बर्तन तक मांजने लगी है।

## घर के कामों में बंटाती है हाथ

बंदरिया रानी को पालने वाले आकाश बताते हैं कि उनकी यह अनोखी दोस्ती बीते 8 वर्षों से चली आ रही है। जब वह घर पर आई थी, तो बड़ी उदास रहती थी, लेकिन धीरे-धीरे वह परिवार के सदस्यों के साथ अपना समय बिताती है। साथ ही घरेलू कार्यों में भी वह हाथ बंटाती है। वह रोटी बनाने के साथ ही बर्तन धोने का काम बखूबी करती है। साथ ही मोबाइल पर वीडियो भी देखती है। रानी बहुत ही समझदार है। जिसे देखकर सभी हतप्रभ रह जाते हैं।

## वैज्ञानिकों को मिला अक्षय ऊर्जा का खजाना

# दुनिया को 200 वर्षों तक बिजली दे सकती है जमीन में छिपी यह अदृश्य शक्ति

*वॉशिंगटन। वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी के गर्भ में एक ऐसा प्राकृतिक संसाधन है, जो पूरी दुनिया को 200 से अधिक वर्षों तक बिजली दे सकता है। उन्होंने इस संसाधन का इतना बड़ा भूमिगत भंडार पाया है, जो अक्षय ऊर्जा के बारे में हमारी सभी जानकारी और समझ को बदल सकता है। हालांकि, अब भी खरबों टन हाइड्रोजन गैस का ठिकाना अज्ञात है। संभावना है कि यह पृथ्वी की सतह के नीचे चट्टानों और जलाशयों में छिपा हुआ है।*

### हाइड्रोजन को लेकर चिंताएं क्या हैं

एक रिपोर्ट के अनुसार, हाइड्रोजन की कमी और भंडारण के मामले में कई लोगों की धारणा के बावजूद, विशाल छिपे हुए भंडार में सदियों तक पूरे देश को बिजली देने की क्षमता है। वास्तव में, यह प्राकृतिक हाइड्रोजन है न कि नीला या हरा हाइड्रोजन जिसे बनाए रखना जटिल है। अगर शोधकर्ताओं ने इस प्राकृतिक हाइड्रोजन को पाया है, तो सवाल यह है कि वे इसे कैसे निकालेंगे और वैश्विक स्तर पर इसे कैसे लागू करेंगे?







### 200 वर्ष तक बिजली दे सकता है हाइड्रोजन

वैज्ञानिकों का अनुमान है कि पृथ्वी की सतह के नीचे मौजूद हाइड्रोजन का एक छोटा सा हिस्सा 200 वर्षों के लिए जीवाश्म ईंधन पर हमारी निर्भरता को खत्म कर सकता है। हाल के अध्ययनों के अनुसार, ग्रह के भूमिगत जलाशयों और चट्टानों में लगभग 6.2 ट्रिलियन टन (5.6 ट्रिलियन मीट्रिक टन) हाइड्रोजन है। इन हाइड्रोजन भंडारों का स्थान अज्ञात है, लेकिन यह जमीन में छोड़े जाने वाले तेल की मात्रा से लगभग 26 गुना अधिक है।

### हाइड्रोजन दूसरे नवीकरणीय ऊर्जा से अच्छा

यदि हम सौर और पवन ऊर्जा जैसे अन्य नवीकरणीय संसाधनों की तुलना करें, तो हमें पता चलेगा कि सौर और पवन ऊर्जा मौसम की स्थिति पर निर्भर करते हैं। इसलिए, यदि मौसम खराब है, तो आपको अपनी पूरी क्षमता के अनुसार ऊर्जा की आपूर्ति नहीं मिल सकती है। अब, प्राकृतिक हाइड्रोजन के साथ, यह हमेशा स्थिर और उपलब्ध रहता है और किसी भी मौसम की परिस्थितियों या स्थितियों पर निर्भर नहीं करता है।

### हरित ऊर्जा का सबसे अच्छा विकल्प है हाइड्रोजन

प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले हाइड्रोजन भंडार की खोज वैश्विक ऊर्जा रणनीतियों को नया रूप दे सकता है। हरित ऊर्जा की आधारशिला माने जाने वाले इस तत्व का उत्पादन मुख्य रूप से ऊर्जा-गहन प्रक्रियाओं के माध्यम से कृत्रिम रूप से किया जाता है। हाइड्रोजन को अक्सर नवीकरणीय संसाधनों के भविष्य के रूप में माना जाता है, क्योंकि यह स्वच्छ है।

# छात्रावास में छात्रा ने बच्चे को दिया जन्म, अधीक्षिका निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

जिले के विकासखंड मुख्यालय पोड़ी उपरोड़ा में संचालित सौ सीटर कन्या छात्रावास में एक छात्रा ने एक बच्चे को जन्म दिया है। बच्चे को जन्म के बाद छात्रावास परिसर में झाड़ियों में फेंक दिया गया। घटना के सूचना आग की तरह आसपास फैल गई। जिला मुख्यालय में सूचना पहुंचने के बाद प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए छात्रावास अधीक्षिका को निलंबित कर दिया गया है। इस पूरे मामले के अनुसार पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड मुख्यालय में शिक्षा विभाग का कन्या छात्रावास संचालित है। सौ सीटर वाले इस कन्या छात्रावास में हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राएं निवास करती हैं जो आसपास के ग्रामीण अंचलों से आती हैं। मंगलवार सुबह छात्रावास परिसर में ही झाड़ियों के समीप किसी ने नवजात शिशु होने की जानकारी दी जो आग की तरह आसपास के क्षेत्रों में फैल गई। छात्रावास की एक छात्रा को गंभीर स्थिति में समीप के अस्पताल ले जाया गया तो वहां चिकित्सकों ने मामला प्रसव का बताते हुए इसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। तब जाकर इस मामले का खुलासा हुआ। किसी बाहरी व्यक्ति ने इसकी सूचना जिला शिक्षा अधिकारी को दी। उनके द्वारा जब अधीक्षिका जयश्री रात्रे से जानकारी ली गई तो उनके द्वारा भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। मौके पर विभागीय अधिकरियों के साथ शिक्षा अधिकारी पहुंचे और छात्रा के परिजनों को बुलाया गया और घटना की जानकारी दी गई। इस पूरे मामले में कन्या छात्रावास की अधीक्षिका को निलंबित कर दिया गया है।

### अधीक्षिका की लापरवाही आई सामने

इस पूरे मामले में कन्या छात्रावास की अधीक्षिका की लापरवाही सामने आई है। छात्रा के गर्भवती होने से लेकर उसके छात्रावास में ही प्रसव होने जैसी घटना को अधीक्षिका के द्वारा गंभीरता से नहीं लिया गया। जिस तरह की स्थितियां छात्रावास में थी उससे यह जाहिर होता है कि कहीं न कहीं अधीक्षिका ने इस मामले में लापरवाही बरती और मामले को छिपाने का प्रयास भी किया गया।






# नए मेला मैदान में इस बार हो सकता है राजिम कुंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

देश और दुनिया में राजिम कुंभ कल्प मेले के नाम से ख्याति प्राप्त 15 दिवसीय मेला इस बार नए मेला मैदान में होने की सुगबुगाहट चल रही है। मंगलवार को रायपुर कमिश्नर महादेव कांवरे और गरियाबंद कलेक्टर राजिम पहुंचे। यहां लोक निर्माण विभाग के अफसरों ने इस प्रोजेक्ट को दिखाते हुए बताया कि 54 एकड़ आरक्षित जमीन में मेला किस तरह से भर सकता है। बता दें कि मेले को

### तैयारियों में जुटा प्रशासन

लेकर संशय के बादल जो सबके जेहन में बना हुआ है, यह आने वाले दिनों में क्लीयर होगा। पुराना मेला मैदान नेशनल हाईवे 130 में हैं जो रायपुर-गरियाबंद-देवभोग-ओडिशा राज्य को जोड़ता है। एक मात्र सड़क मार्ग होने के कारण कई हजारों की संख्या में गुजरने वाली वाहने चाहे वह माल वाहक वाहन हो अथवा यात्री गाड़ियां या फिर मोटर कार जो जाम की चपेट में आ जाते हैं। मेला के दौरान तो कई बार ये स्थिति भी बनती हैं लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं। मेला 12 फरवरी से शुरू होगा, जो 26 फरवरी तक चलेगा।

### संभागायुक्त ने किया निरीक्षण

रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने तैयारियों के संबंध में नवीन मेला ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने मेला आयोजन के संबंध में की जा रही तैयारी और विकास के लिए जारी कार्यों का भी जायजा लिया। संभागायुक्त ने प्रगतिरत कार्यों का अवलोकन कर निर्माणाधीन कार्यों को पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। संभाग आयुक्त श्री कावरे ने राजिम कुंभ कल्प मेले के भव्य आयोजन के लिए सभी तैयारियां को समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने दी जानकारी

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने संभागायुक्त श्री कावरे को राजिम कुंभ कल्प मेला की तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने राजिम मेला के ड्राइंग डिजाइन के माध्यम से विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही अभी तक किए गए तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया।







# लावारिस हालत में मिली सराफा कारोबारी की कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

जिले में सराफा कारोबारी की हुई हत्या के मामले में पुलिस को अपराधियों का महत्वपूर्ण क्लू मिल गया है और अपराधियों ने जो सराफा कारोबारी की चार पहिया कार को लेकर फरार हुए थे उसे पुलिस ने लावारिस हालत में बरामद भी कर लिया है। सूत्र बताते हैं कि अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम एमपी भी रवाना हो चुकी है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस आज इस मामले का देर रात तक खुलासा कर सकती है।

■ जल्द हो सकता है खुलासा

उल्लेखनीय है कि सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत लालूराम कॉलोनी निवासी सराफा कारोबारी गोपाल राय सोनी की रविवार की रात अज्ञात हमलावरों ने घर में घुसकर मौत के घाट उतार दिया था और उसकी क्रेटा कार को लेकर फरार हो गए थे। हत्या की वारदात के बाद से आरोपियों के गिरेबान तक पहुंचने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के नेतृत्व में 50 से अधिक पुलिस के अधिकारी कर्मचारी दिन रात आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास में जुटी हुई थी। मंगलवार की शाम पुलिस को गोपाल राय सोनी की क्रेटा कार क्रमांक जेएच 01 सीसी 4455 को बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत रिस्दा से लावारिस हालत में बरामद कर लिया गया है पुलिस ने जहां फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची और कार से सैंपल कलेक्ट किया गया है। कार का मिलना पुलिस के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी बताई जा रही है। जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों के गिरेबान तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्प्लेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com